www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 312 || अम्बेडकरनगर
शनिवार
07 फरवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:49
सूर्यास्तः 05:52
अधिकतमः 24°00
न्यूनतमः 12°00



पेज 07

विशेष समाचार | विदेशी विश्वविद्यालयः शिक्षा... >> पेज 04 | यूपी में फिर लौटेगी ठंड... >> पेज 06 | एल्विश यादव और जिया ...

### इंग्लैंड को 100 रन से हराया, वैभव सूर्यवंशी ने 175 रन बनाए

# अंडर-19 वर्ल्ड कप पर भारत का कब्ज़ा

**जीत**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीत लिया है। टीम ने शुक्रवार को इंग्लैंड पर 100 रनों की जीत हासिल की। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 411 रन बनाए। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने 80 बॉल पर 175 रन बनाए। इनमें से 150 रन बाउंड्री से बने।



वैभव ने 218.75 की स्ट्राइक रेट से खेलते हुए पारी में 15 चौके और 15 सिक्स लगाए। कप्तान आयुष म्हात्रे ने 53 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से सेबेस्टियन मॉर्गन और एलेक्स ग्रीन ने 2-2 विकेट झटके।

412 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर ऑलआउट हो गई। आरएस अंबरीश ने 3 विकेट झटके। दीपेश देवेन्द्रन और कनिष्क चौहान को 2-2 विकेट मिला। इंग्लैंड के कालेब फॉल्कनर ने 67 बॉल पर 115 रन बनाए।



### इंग्लैंड 311 रन पर ऑलआउट

41वें ओवर की दूसरी बॉल पर इंग्लैंड ने 10वां विकेट गंवाया। यहां पर कालेब फॉल्कनर 115 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें खिलन पटेल ने आउट किया।

# कमल की मौत पर सियासत

### 'नोएडा हादसे के बाद भी भाजपा ने कुछ नहीं सीखा', आम आदमी पार्टी ने कसा तंज

**लापरवाही**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी में 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत मामले में एक्शन हुआ है। पुलिस ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

जल बोर्ड ने 3 अधिकारियों को सस्पेंड भी किया है। इनमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। वहीं, DJB ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की बात कही है।

इधर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस घटना पर X पोस्ट में लिखा- यह हादसा नहीं, हत्या है। इसकी जिम्मेदारी सरकार की है और वह जवाबदेही से भाग



रही है। कातिल सड़क नहीं, गैरजिम्मेदार सत्ता है

दरअसल, 5 फरवरी की देर रात कमल भयानी (25) की दिल्ली जल बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गड्ढे में गिरकर मौत हुई। 6 फरवरी की सुबह 8 बजे PCR कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

इसके बाद कमल का शव निकाला गया। वह कैलाशपुरी का रहने वाला था और प्राइवेट बैंक के कॉल सेंटर में काम करता था।

>> (शेष पेज 06 पर)

### दिल्ली- गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत
### जलबोर्ड के 3 अधिकारी सस्पेंड केस भी दर्ज
### राहुल गांधी बोले- कातिल सड़क नहीं, गैरजिम्मेदार सत्ता है

### परिवार बोलाः 7-8 पुलिस स्टेशन गए, मदद नहीं मिली


मृतक के जुड़वां भाई करण ने बताया- हम तीन भाई हैं और हम दोनों जुड़वां हैं। हम कल रात से कमल ढूंढ रहे थे, अलग-अलग इलाकों में घूम रहे थे। हम 7-8 पुलिस स्टेशन गए, लेकिन किसी ने हमारी मदद नहीं की और शिकायत भी दर्ज नहीं की।

करण ने कहा कि सुबह मैंने उसको फोन किया तो पुलिस ने फोन उठाकर हमें बताया कि वह मरा हुआ मिला है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने कमल की बॉडी और मोटरसाइकिल को गड्ढे में पड़ा देखा।





लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस घटना पर एक्स पोस्ट में लिखा- यह हादसा नहीं, हत्या है। इसकी जिम्मेदारी सरकार की है और वह जवाबदेही से भाग रही है। कातिल सड़क नहीं, गैरजिम्मेदार सत्ता है



ये हादसा नहीं, बल्कि हत्या है। नोएडा की घटना से भी भाजपा ने कुछ नहीं सीखा। घोर लापरवाही और गैर-जिम्मेदार रवैया अब भाजपा सरकारों की पहचान बन चुका है।
- अरविंद केजरीवाल आप संयोजक



जनकपुरी दुर्घटना को गंभीरता से लिया गया है। घटना की पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। शाम तक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।
- प्रवेश साहिब सिंह मंत्री दिल्ली सरकार



### लापरवाही पर बख्शा नहीं जाएगा

दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने कहा, मुझे इस दुखद घटना की जानकारी सुबह करीब 8:30-9:00 बजे मिली, और मैं तब से मौके पर ही हूं। यह बहुत दुखद घटना है जिसमें एक जवान आदमी की असमय मौत हो गई। अब तक मिली जानकारी के आधार पर, सभी ज़रूरी सावधानियां बरतने और जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। अगर किसी की तरफ से कोई लापरवाही पाई जाती है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### योगी बोले- देश की इकोनॉमी में ब्रेकथ्रू बना प्रदेश, लूटतंत्र ने लोकल प्रोडक्ट बर्बाद किए

# यूपी में अब दंगाइयों पर कर्फ्यू लगता है : योगी

**कार्यक्रम**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में दंगा करने वाले और दंगाई गायब हो गए हैं। अब हालात ऐसे हैं कि कर्फ्यू आम जनता पर नहीं, बल्कि दंगाइयों पर लगाया जाता है। प्रदेश में यह बदलाव स्पष्ट नीति, कानून-व्यवस्था में को लेकर किए गए बड़े फैसले से आया है।

उत्तर प्रदेश भारत की आत्मा का



केंद्र बिंदु भी है। कभी बीमारू राज्य कहलाने वाला प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था में ब्रेकथ्रू बनकर उभर रहा है। अब यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगायूपी में सब चंगा है।" पहले प्रदेश की विरासत को अपमानित किया जाता था। लेकिन आज इसका सम्मान हुआ है। बेटी और व्यापारी सभी सुरक्षित हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

### साफ नीति और दृढ़ निर्णय से बदले हालात

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो सुरक्षापूर्ण हालात हैं, यह सफलता अचानक नहीं मिली है। इसके पीछे स्पष्ट नीति, साफ नीयत और निर्णय में दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने का संकल्प रहा है। पहले की सरकारों में ऐसा नहीं था। क्या पहले कोई सोचता था कि अयोध्या में राम मंदिर बनेगा। लेकिन आज भव्य मंदिर बनकर तैयार है।

### यूपी देश में नंबर 2 की अर्थव्यवस्था बना

यूपी में देश की नंबर-2 नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। यूपी आज धमाके के साथ अपनी यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। भारतीय नारी कभी पराधीन नहीं रही, उसे कभी पराधीन नहीं बनाया है। हमारे उसकी हिस्सेदारी थी। हमेशा उसका प्रभाव था। लेकिन आक्रांताओं के साथ-साथ लूट आधारित अर्थतंत्र ने स्थानीय उत्पाद को नष्ट कर दिया।

**फास्ट न्यूज**

### पंजाब में आप नेता की 6 गोलियां मारकर हत्या

जालंधर । पंजाब के सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (AAP) के नेता सतिंदर पाल सिंह जोगी उर्फ लक्की ओबरॉय की 6 फरवरी की सुबह जालंधर में सरेआम गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वे 43 साल के थे। स्कूटी पर आए दो युवकों ने उन्हें 6 गोलियां मारीं। इनमें से 5 गोलियां ओबरॉय के सीने और एक सिर में लगी।

**निर्णय सुविधा**

### यूपी में वोटर अब 6 मार्च तक नाम जुड़वा पाएंगे

लखनऊ । चुनाव आयोग ने यूपी में SIR प्रक्रिया की समय-सीमा बढ़ा दी है। अब जिन लोगों को नाम जुड़वाना या हटवाना है, दावा या आपत्ति दर्ज करानी है, उन्हें एक महीने का समय और मिलेगा। नई तारीख के मुताबिक, अब लोग अब 6 मार्च तक अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। फाइनल लिस्ट 10 अप्रैल को जारी होगी। इसकी जानकारी यूपी मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लखनऊ लोक भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। नवदीप रिणवा ने बताया, 27 जनवरी को राजनीतिक दलों के साथ SIR को लेकर बैठक की गई थी।

### फिल्म 'घूसखोर पंडत' का टीजर हटाया गया

नई दिल्ली। फिल्म 'घूसखोर पंडत' रिलीज से पहले ही विवादों में घिर गई है। फिल्म के टाइटल को लेकर ब्राह्मण समाज ने आपत्ति जताई है। वहीं, बढ़ते विरोध के बीच शुक्रवार को फिल्म के प्रोड्यूसर नीरज पांडे ने आधिकारिक बयान जारी कर फिल्म को पूरी तरह काल्पनिक बताया है।

### केंद्रीय मंत्री बिट्टू बोले- राहुल पीएम की पाठशाला जाएं तो कामयाब होंगे, राहुल ने उन्हें गद्दार कहा था

# नारेबाजी के बाद लोकसभा सोमवार तक हुई स्थगित




**प्रदर्शन**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। संसद में शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा और नारेबाजी हुई। पहली बार 3 मिनट और दूसरी बार 7 मिनट तक ही कार्यवाही चल सकी। इसके बाद लोकसभा 9 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा को भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा-




उन्हें कल सबने बालक कहा। आज PM की पाठशाला थी, जिसमें बच्चों को कामयाब होना बताया गया। अगर राहुल भी पीएम की पाठशाला में चले जाएं तो जिंदगी में कामयाब हो जाएंगे।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर तंज कसते हुए कहा, "जो उचित समझो वही करो"।

### निशिकांत बोले- देश की समस्याएं नेहरू-गांधी परिवार की देन हैं

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, ''हम जब 2014 में सरकार में आए तब पारदर्शिता है। लेकिन इस देश के बच्चों को ये नहीं पता कि इस देश में आज जो भी समस्याएं हैं वो नेहरू, गांधी परिवार की देन हैं। जो नेहरू गांधी परिवार ने किया है उसे जानने का अधिकार लोगों को है। इसलिए मैं लाइब्रेरी बनाऊंगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

# शिया मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान ब्लास्ट

### इस्लामाबाद में आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत, 169 घायल


**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

इस्लामाबाद, नई दिल्ली। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुताबिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। इससे पहले पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स में 69 मौतों की जानकारी आई थी।

पुलिस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और राहत का काम शुरू कर दिया है। अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया और घायलों को वहां पहुंचाया जा रहा है। >> (शेष पेज 06 पर)





### राष्ट्रपति बोले- ये हमला इंसानियत के खिलाफ

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए।

# स्वतंत्रदेव का काफिला रोकने वाले विधायक ब्रजभूषण को नोटिस

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने लिया संज्ञान

**सनसनी**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह का काफिला बीच सड़क पर रोकने वाले चरखारी के भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत को पार्टी ने नोटिस जारी किया है। यह नोटिस शुक्रवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी की ओर से दिया गया है। सोशल मीडिया पर लगातार सामने आ रहे विधायक के बयानों के बाद पार्टी ने यह कदम उठाया है। पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता मानते हुए सात दिन में जवाब देने को कहा है। बता दें कि विधायक एक वायरल वीडियो में जनता के लिए मंत्री क्या मुख्यमंत्री का भी काफिला रोकने की बात कहते नजर आए थे। जलशक्ति



मंत्री से सड़क पर तकरार करने वाले विधायक बृजभूषण बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया की सनसनी बने हुए हैं।

विधायक के साथ ही उनके पिता पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत के भी तमाम वीडियो और रील्स सोशल मीडिया पर वायरल हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में पहले मंत्री को खुद को राजा न समझने की सीख देने वाले गंगाचरण राजपूत बाद में स्वतंत्रदेव व बृजभूषण को छोटा-बड़ा भाई बताते नजर आए थे।


>> (शेष पेज 06 पर)

### बवाल : मणिपुर- डिप्टी सीएम की हत्या पर 20 लाख का इनाम ,पत्थरबाजी, टायर जलाए गए

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

तमसा संकेत, एजेंसी

इंफाल । मणिपुर में कुकी-जो-हमार समुदाय के विधायकों के राज्य सरकार में शामिल होने के विरोध में शुक्रवार को चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में हजारों लोगों ने रैलियां निकालीं। चुराचांदपुर में यह विरोध प्रदर्शन बाद में हिंसक हो गया, जिसके बाद प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में पूर्ण शटडाउन लगा दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कुकी-जो-हमार समुदाय से आने वाले तीन BJP विधायक नेमचा किपगेन, एल एम खाउते और एन सनाटे ने समुदाय के साथ धोखा किया है। नेमचा किपगेन के मणिपुर के डिप्टी चीफ मिनिस्टर बनने के




मणिपुर के चुराचांदपुर में गुरुवार शाम को डिप्टी सीएम के खिलाफ प्रदर्शन हिंसा में बदल गया।

विरोध में चुराचांदपुर में उनके और अन्य विधायकों के पुतले जलाए गए। चुराचांदपुर जिले के तुइबोंग मेन मार्केट इलाके में

- स्थिति को देखते हुए चुराचांदपुर, कांगपोकपी और फेरजावल जिलों में तीनों विधायकों के घरों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।
- मंत्री गोविंददास कोंथौजम ने कहा कि हालात नियंत्रण में हैं और सुरक्षा एजेंसियां तैनात हैं।

सैकड़ों युवा प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को वापस उनकी बैरक में धकेलने की कोशिश की। जब सुरक्षाबलों ने बात मानने से इनकार कर दिया तो पत्थरबाजी शुरू हो गई।

>> (शेष पेज 06 पर)



### डिप्टी सीएम और 3 विधायकों का विरोध

नई सरकार में नेमचा किपगेन के डिप्टी सीएम बनने पर कुकी समुदाय बंट गया है। एक संगठन ने विश्वासघात व मैतेई से गठबंधन का आरोप लगाकर सरकार में शामिल तीनों कुकी विधायकों के सामाजिक बहिष्कार की घोषणा की है।

चुराचांदपुर में कुकी विमेन ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स (KWOHR) और इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (ITLF) की महिला इकाइयों ने संयुक्त रूप से रैली निकाली। प्रदर्शनकारी कोइते प्लेग्राउंड से वॉल ऑफ रिमेंबरेंस तक करीब 3 किलोमीटर पैदल चले और नेमचा किपगेन के इस्तीफे की मांग की।

## प्रयागराज में एक्टर-डायरेक्टर का पुतला फूंका, कांग्रेस बोली- बीजेपी सरकार घूसखोर

# यूपी में मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडत' पर एफआईआर

**विरोध**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । यूपी में मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडत' के नाम को लेकर विरोध शुरू हो गया है। लखनऊ में फिल्म के डायरेक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। शिकायत सीएम के निर्देश पर खुद हजरतगंज कोतवाली में इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने कराई है।

पुलिस का कहना है कि फिल्म का नाम और इसकी कहानी एक खास जाति और समुदाय, खासकर ब्राह्मण समाज को गलत तरीके से




यूपी में फिल्म 'घूसखोर पंडत' के टीजर पर बवाल मचा है। संत समाज से लेकर सियासी लोग फिल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं।

दिखाती है। इससे लोगों में नाराजगी फैल सकती है। कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा है। मायावती ने इसे ब्राह्मणों का अपमान बताया। केंद्र सरकार से फिल्म को बैन करने की मांग की। वहीं, यूपी कांग्रेस के प्रवक्ता ने कहा है कि घूसखोर ब्राह्मण नहीं, भाजपा सरकार है। योगी सरकार में 700 से अधिक ब्राह्मणों की हत्या हो चुकी। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष दिनेश फलाहारी महाराज ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है। प्रयागराज के संतों ने भी फिल्म को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है।

### मंत्री बोले- ब्राह्मण समाज विद्वान, हिम्मत हो तो इस्लाम के खिलाफ फिल्म बनाकर दिखाओ

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा- किसी भी समाज विशेष के खिलाफ इस तरह नकारात्मक बात नहीं होनी चाहिए। ब्राह्मण समाज की हमेशा विद्वानों में गिनती होती रही है। सनातनी बहुत कोमल होते हैं। इस्लाम के खिलाफ फिल्म नहीं बनाते हैं। अगर हिम्मत है तो बनाकर दिखाओ। घूसखोर पंडत फिल्म गलत बनाई गई है।



मथुरा में अपने समर्थकों के साथ दिनेश फलाहारी महाराज ने फिल्म के खिलाफ नारेबाजी की।

### वृंदावन के सनातन धर्म रक्षापीठ ने भेजा लीगल नोटिस

वृंदावन के सनातन धर्म रक्षापीठ ने ओटीटी प्लेटफॉर्म, फिल्म निर्माता कंपनी और कलाकारों को कानूनी नोटिस भेजा है। यह नोटिस रक्षापीठ की कानूनी सलाहकार और सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता रीना एन. सिंह के माध्यम से दिया गया। धर्मपीठ के पीठाधीश्वर कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर ने बताया- फिल्म निर्माता कंपनी, निर्देशक और कलाकार केवल सनातन धर्म का अपमान करने के प्रयास में हैं। साथ ही उन्होंने उच्च वर्ग के क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य और कायस्थ समाज का अपमान करके समाज को नीचा दिखाने की कोशिश की है। सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता रीना एन. सिंह ने कहा- फिल्म इंडस्ट्री केवल भारत के मूल धर्म सनातन को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।

## एसटीएफ ने कोकीन तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में एसटीएफ ने स्कूली बच्चों और नाइट क्लबों तक अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ टीम ने चारबाग रेलवे स्टेशन के पास से गिरोह के सदस्यों को पकड़ा है। उनके पास से कोकीन, अफीम, गांजा, ऑर्गेनिक गांजा और एमडी ड्रग्स बरामद हुए हैं। एसटीएफ को लखनऊ के प्रतिष्ठित स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों और पार्टियों में नशीले पदार्थों की सप्लाई की जा रही है। इस पर एसटीएफ की टीम ने जांच शुरू की। उसके बाद यह गिरोह एसटीएफ के हत्थे चढ़ा। पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि गिरोह के सदस्य दिल्ली से कोकीन, अफीम, गांजा और अन्य मादक पदार्थ लखनऊ लाते थे। इसकी सूचना गुरुवार को एसटीएफ को मिली। सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को



गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान महरौली जौनापुर, साउथ दिल्ली निवासी राजकुमार उर्फ चिका, महरौली निवासी राजकुमार, हुसैनगंज निवासी सैय्यद दावर अलवी , रामगढ ताल, गोरखपुर निवासी यश श्रीवास्तव उर्फ उत्तम और नाका हिण्डोला निवासी प्रभजीत सिंह के रूप में हुई।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि राजकुमार उर्फ चीका और राजकुमार दिल्ली से नशीले पदार्थों की खेप लाते थे, जिसे लखनऊ में यश श्रीवास्तव और प्रभजीत सिंह को बेचा जाता था। यश और प्रभजीत इस कोकीन को शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को सप्लाई करते थे।

**फास्ट न्यूज**

### मेयर ने चीफ इंजीनियर को लगाई फटकार

लखनऊ। लखनऊ के गोमती नगर स्थित नगर निगम वर्कशॉप (आरआर) की जमीन पर मुख्यालय बन रहा है। इसमें लगातार देरी हो रही है। अब मेयर सुषमा खर्कवाल ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए आरआर विभाग के चीफ इंजीनियर मनोज प्रभात को जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि डेढ़ साल पहले मंत्री ने नगर निगम मुख्यालय के निर्माण से पहले भूमि पूजन किया था, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका।

### लखनऊ में चाइनीज मांझे से बिजली कर्मी की गर्दन कटी

लखनऊ। लखनऊ में एक और युवक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। उसकी गर्दन कट गई। उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। घायल की पहचान संविदा बिजली कर्मी सुधीर कुमार के रूप में हुई है।

यह घटना 5 फरवरी की शाम करीब 5 बजे गोमती नगर विस्तार में हुई। इसके कुछ घंटे पहले गोमती नगर विस्तार में ही शहीद पथ पर रिटायर्ड फौजी का गाल और होंठ कट गया था। उसे 30 टांके लगे हैं।

### सीतापुर रूट से दौड़ेगी काठगोदाम एक्सप्रेस

लखनऊ । लखनऊ जंक्शन से काठगोदाम के बीच चलने वाली काठगोदाम एक्सप्रेस को अब सीतापुर रूट से संचालित करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके साथ ही डबलडेकर एक्सप्रेस को भी इसी मार्ग पर शिफ्ट करने की कवायद दोबारा तेज की जाएगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, नए रूट पर ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को वैकल्पिक और आसान मार्ग मिलेगा।

## किराए पर थार लेकर लूटपाट करने वाले 7 बदमाश गिरफ्तार

### लखनऊ में 6 दिन में 3 लोगों को लूटा था

तमसा संकेत, एजेंसी

बख्शी का तालाब । लखनऊ पुलिस ने थार में लिफ्ट देने के बहाने लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। बीकेटी पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने अलग-अलग स्थानों पर 3 लोगों से लूटपाट की थी। गिरफ्तार किए गए 2 बदमाश के खिलाफ पहले से ही लूट सहित अन्य आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

थाना प्रभारी सैरपुर को आज, 6 फरवरी को सूचना मिली कि एक बिना नंबर की थार गाड़ी इंदौरा बाग अंडरपास से रैथा रोड होते हुए लोधमऊ किसान पथ की ओर जा रही है। सूचना पर उन्होंने घेराबंदी करके लोध मऊ अंडरपास की सर्विस रोड पर थार रोकवाई। उसमें 4 युवक सवार थे।

पुलिस टीम ने जांच की तो उनके पास से 2 तमंचा, कारतूस, 3



**महंगे शौक पूरा करने के लिए बने लुटेरे**

मोबाइल और 40,130 रुपये नकद बरामद किए। उनकी पहचान ऋषभ गोस्वामी (23), अक्षय कुमार (25), आलोक (19) और शुभम पांडेय (20) के रूप में हुई।

पूछताछ में चारों ने बताया कि वे किराए पर थार लेकर लिफ्ट देने के बहाने लोगों से लूटपाट करते थे। उन लोगों ने अपने 2 अन्य साथियों ज्ञानी (20) और राम सफल (30) के साथ मिलकर 3 लोगों को अलग-अलग स्थानों पर लूटा है। पुलिस ने ज्ञानी और रामसफल को भी गिरफ्तार कर लिया।

## चंदौली भूमि नोटिस मामला: योगी सरकार सख्त प्रशासनिक हलकों में मचा हड़कंप

# तीन पीसीएस अफसर निलंबित

तमन्ना

तमसा संकेत, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कप्तानी में शासन-प्रशासन ने एक बार फिर अपने तंत्र में कड़ा एक्शन लिया है। प्रदेश सरकार ने प्रांतीय सिविल सेवा (PCS) के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, जो चंदौली के पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर में भूमि के संबंध में 20 आरसी प्रपत्र नोटिस के विवादित हटाए जाने के आरोपों को लेकर आया है।

यह कार्रवाई राजस्व संहिता 2006 के उल्लंघन और प्रशासनिक जिम्मेदारी के ठीक से पालन न किए जाने के आरोपों के मद्देनजर की गई है। अधिकारियों के साथ खुद सरकार ने साफ संकेत दिया है कि अब किसी भी सरकारी जमीन, नियमों के उल्लंघन या जनता के हित के खिलाफ निर्णयों के मामले में



प्रशासनिक तंत्र की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।

चंदौली जिले के पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर में तहसील स्तर पर एक विवादित मामला सामने आया जिसका मूल विषय था "20 आरसी प्रपत्र" के रूप में जारी किए गए नोटिस। ये नोटिस सरकारी भूमि (जैसे खलिहान, चकमार्ग, कब्रिस्तान, नवीन परती, बंजर आदि) पर अतिक्रमण की पहचान और उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए जारी किए जाते हैं।

जांच में पाया गया कि इस तरह के आरसी नोटिस जारी होने के बावजूद उन नोटिसों को वापस लिया गया, जिससे सार्वजनिक भूमि के संरक्षण का लक्ष्य

**सरकार का रुख**

योगी सरकार का यही संदेश है कि सरकारी नौकरशाही में किसी भी प्रकार की लापरवाही, नियमों का उल्लंघन, भूमि से जुड़ी अनियमितता या अतिक्रमण समर्थक निर्णय बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे। प्रदेश सरकार की नीति पारदर्शिता और गतिविधियों की जवाबदेही पर आधारित है। पिछले कुछ समय में प्रशासनिक स्तर पर कई मामलों में अफसरों के खिलाफ सख्त कदम भी उठाए गए हैं, जिसमें भ्रष्टाचार, नियमों का उल्लंघन और सार्वजनिक संपत्ति से जुड़े मामलों पर कार्रवाई शामिल रही है।

प्रभावित हुआ। ऐसी भूमि पर ब्याज लेने वाले लोग कई बार अतिक्रमण कर लेते हैं और अगर

**सरकार ने उन अधिकारियों को निलंबित किया जिन्होंने विवाद के समय तहसील स्तर पर कार्य किया था:**

- **विराग पांडेय- पूर्व तहसीलदार, वर्तमान में एसडीएम गाजियाबाद**
- **ललिता प्रसाद-पूर्व पीठासीन अधिकारी, वर्तमान में एसडीएम बुलंदशहर**
- **सतीश कुमार-पूर्व पीठासीन अधिकारी, वर्तमान में एसडीएम एटा**

नियमों के अनुसार नोटिस लागू न हों तो सरकारी हितों को बड़ा नुकसान हो सकता है। इसी गंभीर स्थिति को लेकर जिलाधिकारी, पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर ने मामले की विस्तृत जांच शुरू की। सरकार ने शुरू में एक तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया, जिसमें एडीएम (न्यायिक), एसडीएम चकिया और अतिरिक्त एसडीएम चंदौली शामिल थे। इस जांच में यह पाया गया कि तत्कालीन तहसीलदारों और संबंधित पीसीएस अधिकारियों द्वारा अपने दायित्वों का ठीक से पालन नहीं किया गया, और उसके कारण अवैध कब्जे का पक्ष लेने जैसे आदेश पारित हुए। अधिकारियों के ऐसे कृत्यों को प्रशासन के मानकों के खिलाफ माना गया।

## अखिलेश ने कहा कि कानून व्यवस्था पर सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका

# 'भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद किया'

**आरोप**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। हत्या, लूट, बलात्कार, ठगी, अपहरण की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कानून व्यवस्था पर सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं और बच्चियों के साथ अपराध की घटनाओं में उत्तर प्रदेश देश में सबसे ऊपर हो गया है।

राजधानी लखनऊ में ही हर दिन अपराध की कई कई घटनाएं हो रही हैं। पूरे प्रदेश की हालत बेहद खराब है।



**अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार ने पूरे शासन तंत्र को भ्रष्ट और बर्बाद कर दिया है। आम जनता, महिलाओं, बच्चों दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा भगवान भरोसे है।**

हाथरस में एनएच 93 पर बदमाशों ने सेना के जवान अखिलेश चौधरी को दिनदहाड़े गोलियों से छलनी कर दिया। राजधानी के सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र में थार सवार बदमाशों ने युवक को अगवा कर लूट लिया। गोमती नगर में बाइक सवार बदमाशों ने महिला का पर्स लूट लिया। पिछले दो सालों में उत्तर प्रदेश में 108300 लोग गायब हो चुके हैं। इनकी गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज हैं लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल रही है।

### भाजपा सरकार के पास झूठे आंकड़ों

इधर उत्तर प्रदेश में अपहरण की कई घटनाएं हो चुकी हैं। भाजपा सरकार के पास झूठे आंकड़ों और लफ्फाजी के सिवाय कुछ नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि जिस भाजपा राज में एसपी फरार हो गया हो और एक ऐसा आईएएस भी जो निवेश के नाम पर पांच फीसदी एडवांस लेता था वह भी गायब है तो किसी अन्य गुमशुदा का कौन ढूंढ सकता है? भाजपा की सरकार को भी लापता की लिस्ट में डाल देना चाहिए।

### लखनऊ कैंट में अग्निवीर भर्ती रैली शुरू

लखनऊ । भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली का आगाज गुरुवार से लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में हो गया। रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तत्वावधान में रिक्रूटिंग ऑफिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित यह भर्ती रैली 06 फरवरी से शुरू की गई है। भर्ती रैली के पहले दिन सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत आने वाले उत्तर प्रदेश के 13 जिलों की सभी तहसीलों से अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं पास) श्रेणी के अभ्यर्थियों को बुलाया गया। इस श्रेणी के लिए कुल 370 उम्मीदवारों को कॉल लेटर जारी किए गए थे, जिनमें से 265 अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। पहले दिन मेजर जनरल मनीष कुमार, जेडआरओ (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) ने भर्ती रैली को हरी झंडी दिखाकर औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। उन्होंने अभ्यर्थियों को अनुशासन, ईमानदारी और मेहनत के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का संदेश दिया।

## लखनऊ मेयर की गाड़ी के सामने लेटे प्रदर्शनकारी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। मौके पर मेयर सुषमा खर्कवाल नगर निगम से अपनी गाड़ी से निकल रही थीं। तभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। उनकी गाड़ी के सामने लेट गए और निगम मुख्यालय से निकलने नहीं दिया।

इस दौरान मेयर नगर निगम से निकल नहीं पाईं। आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि सीतापुर रोड स्थित डॉ. आंबेडकर की होर्डिंग तोड़ी गई। इससे नाराजगी है। मौके पर पार्टी के कार्यकर्ता मेयर सुषमा खर्कवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

आसपा कार्यकर्ता अजीत भारती ने कहा- हमने मेयर से दो मिनट बात करने के लिए समय मांगा, लेकिन मेयर बोलीं, चलो भागो यहां से। उनके आस-पास के लोग मेयर से मिलने नहीं दे रहे हैं। इसलिए मेयर के



**मुख्यालय से नहीं निकलने दिया, बोले- बाबा साहब की होर्डिंग तोड़ी गई**

खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए हैं। मोहम्मद रियाज ने कहा- सीतापुर बाईपास पर लगी आजाद समाज पार्टी की होर्डिंग को गिराया गया है। दूसरी सभी पार्टियों की होर्डिंग लगी हुई है। सिर्फ हमारी होर्डिंग गिराई गई। जिस भी अधिकारी ने यह आदेश दिया है। उसे बुलाया जाए। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

मोहम्मद हारून ने कहा- बाबा साहब का अपमान किया गया है। उनकी होर्डिंग कूड़े में फेंकी गई है। जिस भी अधिकारी-कर्मचारी ने ऐसा किया है।

**घटना : धुआं भरने से रेस्क्यू में परेशानी, 10 फायर ब्रिगेड आग बुझाने में जुटी**

# न्यू ताज होटल की निर्माणाधीन बिल्डिंग में लगी भीषण आग

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में न्यू ताज होटल की निर्माणाधीन बिल्डिंग में भीषण आग लग गई। पूरी बिल्डिंग में धुआं भर गया। इसकी वजह से रेस्क्यू करने में काफी परेशानी हो रही है। बीए सेट पहनकर फायर ब्रिगेडकर्मी बिल्डिंग में घुसे हैं। फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। घटना गोमती नगर के विभूतिखंड इलाके की है।

बताया गया कि साढ़े 3 बजे CNC मशीन से पत्थर काटे जा रहे थे। इस दौरान मशीन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। अंदर पेंट रखा था, जिससे आग तेजी से फैल गई। घटना के समय निर्माणाधीन बिल्डिंग में 300 मजदूर काम कर रहे थे, जिनको सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।



गोमती नगर के विभूति खंड में ताज होटल की न्यू बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है। जहां दोपहर करीब 3 बजे आग लग गई।

**"होटल के एक हिस्से में आग और धुएं पर काबू पा लिया गया है, लेकिन जिस मुख्य हिस्से में आग लगी थी। वहां अभी पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो सका है। दमकल विभाग की टीमें लगातार आग बुझाने में जुटी हुई हैं।**

### प्लास्टिक सामान से भड़की आग

बेसमेंट फर्स्ट में लगी आग बेसमेंट-2 में फैल गई। यहां रखी निर्माण सामग्री आग की चपेट में आ गए, जिससे पूरे परिसर में धुआं भर गया। बेसमेंट में बिजली के तार भी रखे हुए थे। आशंका है कि इन्हीं तारों के संपर्क में आने से आग और भड़की, जिसके बाद स्थिति गंभीर हो गई।

### धुएं के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी

होटल प्रबंधन की सूचना पर इंदिरा-नगर, पीजीआई, चौक, गोमतीनगर और हजरतगंज से फायर ब्रिगेड की गाडियां आईं। करीब 40 फायर कर्मी आग बुझाने में जुटे। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से हौज पाइप बेसमेंट-1 तक पहुंचाकर आग बुझाई गई। बेसमेंट- 2 में पाइप नहीं पहुंच पाने के कारण आग बुझाने में कठिनाई आ रही है।

गोमती नगर के विभूति खंड में ताज होटल की 16 मंजिल की न्यू बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है। करीब 300 मजूदर होटल के निर्माण में लगे हुए हैं। दोपहर करीब तीन बजे होटल के बेसमेंट में मजदूर CNC मशीन से पत्थर कटाई का काम कर रहे थे। इस दौरान मशीन में शार्ट-सर्किट से आग लग गई। मजदूर कुछ समझ पाते इससे पहले आग पास में ही रखे पेंट और फिर बिल्डिंग की फिनिशिंग के लिए रखे फॉम-प्लाई ओर दूसरे मटीरियल में फैल गई। प्रत्यक्षदर्शी अब्दुला ने बताया- होटल में काम कर रहे मजदूरों ने आस-पास की बिल्डिंग से पानी लेकर आग बुझाने की कोशिश की।



ताज होटल न्यू बिल्डिंग में लगी आग से उठते धुएं को एक किमी दूर से देखा जा सकता था।

# सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ देश व्यापी हड़ताल

### भारत के अन्नदाताओं को बचाने के लिए हड़ताल में समर्थन की अपील

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। 0% आयात शुल्क पर अमेरिकी कृषि एवं डेयरी उत्पादों के लिये भारतीय बाजार खोल देना वस्तुतः खाद्यान्य के क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भरता को खत्म करेगा। इससे न केवल भारत के किसान बर्बाद होंगे बल्कि दूरगामी परिणाम यह होगा कि दो वक्त की रोटी के लिये हमे फिर अमेरिका के सड़े गेहूं लेने पड़ेंगे। यह बयान दिया है हिंद मजदूर सभा, उत्तर प्रदेश के मंत्री अविनाश पाण्डेय ने।

उन्होंने कहा कैसे अमेरिकी सस्ते अनाज और डेयरी उत्पादों से भारतीय बाजार भर जाएंगे। हम अपने किसानों के मंहगे उत्पाद के बजाय सस्ते अमेरिकी उत्पाद लेंगे (जैसे सस्ते होने के कारण हम चाइनीज औद्योगिक उत्पाद



खरीदकर स्वदेशी उद्योगों को बंद करवा रहे)। किसान को खेती में लागत न मिलने पर वो खेती छोड़ने, पशुओं को कत्लगाह भेजने या खुले छोड़ने को मजबूर होगा।

पाण्डेय ने कहा कि खेती की जमीन आने पौने पूंजीपतियों के हवाले हो जाएंगी जो उसका मनमाना उपयोग करेंगे।....और जब हम पूरी तरह अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों पर निर्भर हो जाएंगे, तो उनकी शर्तों और मूल्यों पर खरीदने को विवश होंगे। इससे बचने

**कृषि क्षेत्र में अमेरिका के आने से किसान दो वक्त की रोटी के लिए तरसेगा: पाण्डेय**

का एक ही रास्ता है कि हम संकल्प लें कि हम मंहगे भारतीय कृषि और डेयरी उत्पाद ही लेंगे, विदेशी नहीं भले ही वे मुफ़्त या कितने ही सस्ते क्यों न हों। जाति और धर्म और क्षेत्रीयता के झगड़ों में उलझा कर हमे तिल तिल कर बेचा जा रहा, और हम सपने में विश्व गुरु बनकर जश्न मना रहे।

इसलिए अंध भक्ति की निद्रा छोड़िये, सरकार के गलत आर्थिक नीतियों के खिलाफ भारत और अपने बच्चों के भविष्य को बचाने के लिये 12 फरवरी की देश व्यापी हड़ताल को सफल बनाइये।

### अटल चौक, अंबेडकर चौक और प्रमुख मार्गों के नामकरण की घोषणा

# बसखारी नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में विकास एवं मार्ग नामकरण पर चर्चा

**बैठक**

- गौशाला और सुरक्षा के लिए भूमि आवंटन
- सड़क, नाली और सार्वजनिक सुविधाओं पर चर्चा
- सभासदों से सहयोग की अपील
- बैठक में मौजूद अधिकारी और सदस्य

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। बसरी नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में



नगर के विकास और महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने की। बैठक में 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' और 'विकसित किछौछा' के लक्ष्यों को केंद्र में रखते हुए नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों के नामकरण की घोषणा की गई। बैठक में गौवंशों के संरक्षण के लिए गौशाला के लिए भूमि आवंटन पर चर्चा की गई। साथ ही, नगर में तैनात पुलिस और पीएसी जवानों के लिए आवश्यक भूमि आवंटन की स्वीकृति भी दी गई। इससे सुरक्षा व्यवस्था में सुधार और नागरिकों की सुविधा बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए गए।

नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने सभी सभासदों से नगर पंचायत के समग्र विकास में अपनी जिम्मेदारियों को मिलकर निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास और पारदर्शी नीति से ही नगर के विकास लक्ष्यों को सफल बनाया जा सकता है। बैठक में अधिशासी अधिकारी संजय जैसवार, कार्यालय लिपिक अभिषेक यादव, कार्यालय सहायक राकेश प्रजापति सहित सभासद मीरा रानी, ज्योति गुप्ता, सुनीता देवी, सफरूनिशा, रिजवाना निशा, हसीना परवीन, मायाराम, सुभाष निषाद, मोहम्मद शरीफ, लालमन रावत, सूरज लाल उपाध्याय, मोनू निषाद, राम जी और प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

### प्रमुख चौराहों और मार्गों के नए नाम

बैठक में तय हुआ कि बसखारी पश्चिमी चौक का नाम अब अटल चौक होगा, जबकि पूर्वी चौक का नाम अंबेडकर चौक रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त, सरस्वती शिशु मंदिर से किछौछा जाने वाले मार्ग का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग और नगर पंचायत कार्यालय के सामने से दरगाह जाने वाले मार्ग का नाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग रखा गया। नामकरण की यह प्रक्रिया नगर के विकास और पहचान को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है।

**नगर पंचायत बोर्ड ने सड़क, नाली, पथ प्रकाश व्यवस्था और अतिक्रमण जैसे विकासात्मक विषयों पर गहन चर्चा की। बैठक में टैक्सी स्टैंड की नीलामी में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया गया। पूर्व बोर्ड बैठक में प्रस्तावित महापुरुषों के नाम पर मार्ग नामकरण को इस बैठक में भी अनुमोदन मिला।**

बैठक में लिए गए निर्णय नगर के विकास और सुव्यवस्थित प्रशासन के लिए अहम माने जा रहे हैं। प्रमुख मार्गों और चौराहों के नामकरण से नगर की पहचान बढ़ेगी, जबकि भूमि आवंटन और सार्वजनिक सुविधाओं के सुधार से नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

# भव्य आयोजन में विद्यार्थियों को दी गई विदाई सफलता का मिला मंत्र

## नृपति नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। नृपति नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, अमिया बाबनपुर में विद्यार्थियों के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन भव्य और अनुशासित माहौल में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी जीवन और परीक्षाओं के लिए प्रेरित करना रहा।

विदाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कोतवाली बसखारी प्रभारी सुनील कुमार पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों की उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रबंधन की ओर से किया



गया। कार्यक्रम के दौरान अंश मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण सूत्र साझा किए। उन्होंने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन लक्ष्य पर टिके रहकर निरंतर मेहनत करने से सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जिस क्षेत्र में उनकी रुचि हो, उसमें पूरी लगन और ईमानदारी से प्रयास करें। उन्होंने यह भी कहा कि असफलता से घबराने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। संघर्ष के दौरान धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण और समय प्रबंधन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक राजकुमार सिंह रघुवंशी सहित शिक्षक और स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही। मंच संचालन और कार्यक्रम व्यवस्था को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

इस अवसर पर प्रदीप सिंह, संदीप सिंह, मुकेश तिवारी, सिद्देश तिवारी, बृजभूषण सिंह, जैमाल हैदर, इंद्रजीत विश्वकर्मा, राजेश कुमार (बड़े बाबू), देवेंद्र सिंह, आस्था त्रिपाठी, श्वेता सिंह, ज्योति वर्मा और अंजू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**फास्ट न्यूज**

### 'द्रोणाचार्य होशियार, अंगूठा काटना बंद करो'

वाराणसी । वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में छात्र UGC लागू करने की मांग को लेकर हल्ला बोल प्रदर्शन कर रहे हैं। UGS कानून पर सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है। रोक लगने से OBC, SC और ST छात्र नाराज हो गए। वे इसे फिर से लागू करने की मांग कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय में इस समय ग्रेजुएशन की सेमेस्टर परीक्षाएं चल रहीं हैं।

### यूजीसी-नेट में रीता प्रजापति की सफलता, बढ़ाया मान

अंबेडकर नगर। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट दिसंबर 2025 परीक्षा में जनपद अंबेडकर नगर की रीता प्रजापति ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने गृह विज्ञान (होम साइंस) विषय में 90.90 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

रीता प्रजापति अकबरपुर तहसील क्षेत्र के भिखारीपुर गांव की निवासी हैं। वे सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राम प्रजापति की पुत्रवधू और विजय प्रकाश की पत्नी हैं।

### तीन वर्षों से एक ही ब्लॉक में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी

आलापुर, अंबेडकर नगर। जनपद अंबेडकर नगर के विकास खंड जहांगीरगंज अंतर्गत देवरिया स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात संतोष पांडेय की लगभग तीन वर्षों से एक ही स्थान पर बनी तैनाती क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। शासन की स्थानांतरण नीति के अनुसार अधिकारियों का समय-समय पर तबादला किया जाना निर्धारित है।

# पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई फरियादियों की समस्याएं सुनीं

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों ने अपनी शिकायतें सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं, जिनका संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आवेदकों की बात विस्तार से सुनी और संबंधित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त



- पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना प्रभारियों और शाखा अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की समस्याओं का न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम जनता के साथ व्यवहार में संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखें।

# फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य, नहीं कराने पर पीएम किसान की किस्त रुकेगी

## जिले के किसानों को कृषि विभाग की चेतावनी, जल्द पूरी करें प्रक्रिया

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त से वंचित होना पड़ सकता है। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपनिदेशक कृषि अश्वनी कुमार सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

किसानों की सुविधा के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराने की व्यवस्था जिले भर में उपलब्ध कराई गई है। किसान अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर रजिस्ट्री करा सकते हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत सहायकों की मदद से या अपने मोबाइल फोन के माध्यम से प्ले स्टोर से सेल्फ मोड ऐप



डाउनलोड कर स्वयं भी यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। फार्मर रजिस्ट्री के दौरान खतौनी और आधार कार्ड में नाम बेमेल की समस्या सामने आ रही है। इसे देखते हुए तहसील स्तर पर संशोधन की व्यवस्था की गई है। जिन किसानों के दस्तावेजों में नाम संबंधित त्रुटि है, वे अपनी तहसील में जाकर शीघ्र संशोधन करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि नेम मिसमैच से जुड़े मामलों का निस्तारण तत्काल प्रभाव से किया जाए। उद्देश्य यह है कि किसी भी किसान को तकनीकी कारणों से योजना के लाभ से वंचित न होना पड़े।

### पीएम किसान योजना से जुड़ी सख्ती

उपनिदेशक कृषि ने बताया कि जिन किसानों ने अब तक फार्मर रजिस्ट्री या किसान बही नहीं बनवाई है, उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलेगा। भारत सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि बिना फार्मर रजिस्ट्री के लाभार्थियों की अगली किस्त स्वतः रोक दी जाएगी।

# पंजाब नेशनल बैंक शाखा छज्जापुर में दो करोड़ की धोखाधड़ी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद के थाना कोतवाली टांडा क्षेत्र अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक की शाखा छज्जापुर से जुड़ा एक बड़ा धोखाधड़ी और गबन का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस प्रकरण में मुख्य आरोपी उमेर अहमद पुत्र परवेज अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर बैंक कर्मियों और अपने साथियों के साथ मिलकर एनटीपीसी व एनएच-आई द्वारा अधिग्रहित भूमि के मुआवजे की राशि को धोखाधड़ी से हड़पने का आरोप है।

**फुलवरिया तिराहे से हुई गिरफ्तारी**

थाना कोतवाली टांडा पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 31/26 में वांछित आरोपी उमेर अहमद को 06 फरवरी 2026 की सुबह 07:05 बजे फुलवरिया तिराहे से गिरफ्तार किया। आरोपी की उम्र करीब 32 वर्ष है और वह पीलीकोठी, मुबारकपुर दक्षिणी, वार्ड नंबर 04, थाना कोतवाली टांडा का निवासी है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी



प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय भेजा गया। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब रूपवती पत्नी जगदीश प्रसाद सहित 15–16 पीड़ितों ने जनता दर्शन के दौरान शिकायत पत्र दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि उमेर अहमद ने अज्ञात बैंक कर्मियों के साथ मिलकर पालिसी कराने के नाम पर मुआवजा प्राप्त लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की। शिकायत के बाद मामले की जांच क्षेत्राधिकारी टांडा और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टांडा को सौंपी गई।

जांच में सामने आया कि आरोपी उमेर अहमद पिछले पांच वर्षों से लोगों को पैसा दोगुना करने का लालच देकर उनके मुआवजे की रकम अपने कब्जे में ले रहा था।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय में उपस्थिति और शैक्षणिक व्यवस्था पर उठे सवाल

# प्रधानाचार्य पर वक्फ कमेटी में वित्तीय अनियमितता का आरोप

**शिकायत में यह भी कहा गया है कि प्रधानाचार्य विद्यालय में नियमित उपस्थिति नहीं देते और अधिकांश समय वक्फ कमेटी के कार्यों और अन्य गतिविधियों में व्यस्त रहते हैं। इसके कारण विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है और बच्चों की पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जलालपुर कस्बे के सराय चौक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य पर वक्फ कमेटी के प्रबंधन पद पर रहते हुए वित्तीय अनियमितता करने के आरोप




लगे हैं। शिकायतकर्ता ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अंबेडकरनगर और उपनिदेशक बेसिक शिक्षा फैजाबाद मंडल, अयोध्या से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिया नेता इब्ने अली जाफरी की ओर से दी गई शिकायत में बताया गया है कि प्रधानाचार्य शिक्षा विभाग के नियमों के विपरीत वक्फ कमेटी में प्रबंधक पद पर कार्य कर रहे हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मस्जिद व रोजा हजरत कासिम परिसर में स्थित लगभग 70 दुकानों से प्राप्त किराया और चंदे की राशि का बैंक में समुचित जमा नहीं किया जा रहा है। साथ ही, इसका नियमित लेखा-जोखा नहीं रखा जा रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं की आशंका है। शिक्षा अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि विभाग इस मामले की गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई करेगा, ताकि वित्तीय अनियमितता और शैक्षणिक व्यवस्था में खामियों को तुरंत दूर किया जा सके।

### जिला और मंडल स्तर पर कार्रवाई का आदेश

खंड शिक्षा अधिकारी जलालपुर मीनाक्षी सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के बाद शिक्षा विभाग नियमानुसार आगे की कार्रवाई करेगा। शिकायत उपनिदेशक बेसिक शिक्षा फैजाबाद मंडल को भेजी गई है ताकि मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच सुनिश्चित की जा सके।

# सफलता के लिए निरंतर अभ्यास जरूरी: जिलाधिकारी शुक्ला

## नृपति नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में 'परीक्षा पर चर्चा एवं संवाद' कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों के बीच बढ़ते दबाव और तैयारी को सही दिशा देने के उद्देश्य से नृपति नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में 'परीक्षा पर चर्चा एवं संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर परीक्षा से जुड़ी शंकाओं का समाधान किया और तैयारी के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए निरंतर अभ्यास सबसे महत्वपूर्ण है।



उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे उत्तर लिखने का नियमित अभ्यास करें, ताकि परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन और प्रस्तुतीकरण बेहतर हो सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल पढ़ना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लिखकर अभ्यास करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और गलतियों में सुधार होता है।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को पिछले 10 वर्षों के प्रश्नपत्रों का गहन अध्ययन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे परीक्षा पैटर्न, प्रश्नों की प्रकृति और महत्वपूर्ण विषयों की पहचान करने में मदद मिलती है। साथ ही विद्यार्थियों को सभी आवश्यक सूत्रों, परिभाषाओं और मुख्य बिंदुओं को एक स्थान पर संकलित कर बार-बार दोहराने की बात कही, ताकि अंतिम समय में भ्रम की स्थिति न बने।

उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा में अब सीमित समय शेष है, ऐसे में बिना योजना के पढ़ाई करना नुकसानदेह हो सकता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे विषयवार समय निर्धारित करें और उसी अनुसार अध्ययन करें। कठिन विषयों को प्राथमिकता दें और जिन टॉपिक में कमजोरी है, उन पर विशेष ध्यान केंद्रित करें। जिलाधिकारी ने समय प्रबंधन को परीक्षा की तैयारी का अहम हिस्सा बताया।

# जर्जर रपटा पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। अकबरपुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत जौहरडीह क्रॉसिंग से शहजादपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित रपटा पुल से भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है। तमसा नदी पर बना यह रपटा पुल काफी पुराना होने के कारण जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है, जिसे देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाया है।

नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि पुल की मौजूदा हालत को देखते हुए किसी भी प्रकार की जनहानि या दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी को ध्यान में रखते हुए भारी वाहनों की आवाजाही पर तत्काल रोक लगा दी गई है, ताकि आमजन को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे।

प्रशासन की ओर से पुल के दोनों ओर सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, जिनमें भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक



की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही पुल के दोनों सिरों पर लोहे की रॉड लगाकर भौतिक रूप से भी अवरोध किया गया है, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और कोई भारी वाहन पुल से होकर न गुजर सके।

जानकारी के अनुसार, फिलहाल हल्के वाहनों और दोपहिया वाहनों के आवागमन पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। हालांकि, प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। पुल की स्थिति और यातायात दबाव को देखते हुए आगे और निर्णय लिए जा सकते हैं।

रपटा पुल पर भारी वाहनों के प्रतिबंध के बाद क्षेत्र में इस विषय को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

**घटना : विमावल गांव की घटना, पुलिस ने प्रतिमा ठीक कराकर शुरू की जांच**

# अराजक तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा की अंगुली तोड़ी

**अफरा-तफरी**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आलापुर थाना क्षेत्र के विमावल गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। अराजक तत्वों ने बृहस्पतिवार रात गांव के बाहर स्थापित प्रतिमा की अंगुली तोड़ दी। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी होने पर क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात अराजक तत्वों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल लोगों की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों की जानकारी जुटाई जा रही है और साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। आलापुर क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने घटना



की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रतिमा की अंगुली क्षतिग्रस्त की गई थी, जिसे तत्काल ठीक करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि दर्ज मुकदमे के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और दोषियों की तलाश की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने गांव में स्थिति पर नजर बनाए रखने की बात कही है। घटना को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही गई है।

### सुबह टूटी अंगुली देख ग्रामीण हुए एकत्र

शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने प्रतिमा की अंगुली टूटी देखी, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। प्रतिमा को क्षति पहुंचने की खबर फैलते ही क्षेत्र में रोष व्याप्त हो गया।

### सूचना पर पहुंची पुलिस, कराई गई मरम्मत

सूचना मिलते ही आलापुर थाना पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त प्रतिमा का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों के सहयोग से टूटी हुई अंगुली को ठीक कराया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस मौजूद रही।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

## 114 परीक्षा केंद्रों पर रहेगी चौबीसों घंटे नजर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर। यूपी बोर्ड परीक्षा की सुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से जिले भर में बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी की जाएगी। परीक्षा प्रक्रिया को व्यवस्थित और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं आगामी 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसके लिए जिले में कुल 114 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण तिवारी की पहल पर कार्यालय परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से परीक्षा केंद्रों की



गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रखी जाएगी। कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारी परीक्षा से जुड़ी सूचनाओं का त्वरित संकलन करेंगे और किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि परीक्षा की तैयारी को लेकर शिक्षा विभाग पूरी तरह सक्रिय है। केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। परीक्षा केंद्रों पर शांति व्यवस्था, गोपनीयता और नियमों के पालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# सम्पादकीय

## संसदीय मर्यादा की अनदेखी




यह अच्छा नहीं हुआ कि विपक्ष के हंगामे के कारण प्रधानमंत्री लोकसभा में दूसरे दिन भी राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब नहीं दे सके और उसे उनके संबोधन के बिना ही पारित करना पड़ा। ऐसा कम ही होता है कि प्रधानमंत्री लोकसभा में अपनी बात न कह सकें और वह भी राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर।

यह एक परंपरा रही है कि धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब आमतौर पर प्रधानमंत्री ही देते हैं। इसकी अपेक्षा भी की जाती है और प्रतीक्षा भी। दशकों बाद यह परंपरा टूटी। जब भी संसद की स्थापित परंपराएं टूटती हैं, तब संसद की गरिमा गिरने के साथ राजनीतिक कटुता तो बढ़ती ही है, लोकतंत्र के प्रति जनता की आस्था भी डिगती है। लोकसभा स्पीकर ने जिस तरह यह कहा कि उन्होंने अनहोनी की आशंका के चलते प्रधानमंत्री को सदन में आने से रोका था, क्योंकि विपक्षी सांसदों के व्यवहार के चलते कोई अप्रत्याशित घटना घट सकती थी, वह बहुत ही गंभीर है।

क्या इससे बड़ी विडंबना और कोई हो सकती है कि विपक्ष के आक्रामक रवैये के कारण प्रधानमंत्री लोकसभा में बोल ही न सकें? इसकी भी अनदेखी न की जाए कि राज्यसभा में भी प्रधानमंत्री की ओर से जब राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दिया जा रहा था तो विपक्षी सांसदों ने हंगामा किया और अंततः सदन से बाहर निकल गए। आखिर इससे क्या हासिल हुआ? संसद के बजट सत्र के शुरुआती चरण में संसद के दोनों सदनों और उसके परिसर में जैसे दृश्य देखने को मिले हैं, वे संसदीय मर्यादाओं का उपहास उड़ाने वाले हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश के जरिये चीन के मामले में प्रधानमंत्री पर आक्षेप लगाने और उन्हें कमजोर शासक साबित करने की चेष्टा की। पता नहीं क्यों वे यह भूल गए कि इसके जवाब में उन्हें प्रकाशित पुस्तकों के माध्यम से अप्रिय बातें सुनने को मिल सकती हैं और उनके साथ-साथ उनके दल को भी असहज होना पड़ सकता है। बीते दिनों संसद परिसर में भी ऐसा कुछ हुआ, जो नहीं होना चाहिए था। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू से सामना होते ही राहुल गांधी ने उन्हें न केवल गद्दार दोस्त कहा, बल्कि यह कटाक्ष भी किया कि उन्हें कांग्रेस की ही शरण में आना होगा। क्या राहुल कांग्रेस से दूसरे दलों में गए सभी नेताओं को भी इसी नजर से देखते हैं? प्रश्न यह भी है कि दूसरे दलों से जो नेता कांग्रेस में आए हैं, उनके प्रति उनका क्या दृष्टिकोण है? अच्छा हो कि पक्ष-विपक्ष यह समझें कि संसद हंगामे के लिए नहीं है।

# विदेशी विश्वविद्यालयः शिक्षा का वैश्वीकरण या नई असमानता की शुरुआत

> विदेशी विश्वविद्यालयों का भारत आना सिर्फ शिक्षा सुधार नहीं-यह कूटनीति, अर्थव्यवस्था और सॉफ्ट पावर से भी जुड़ा है। सही नीति के साथ यह पहल भारत को एशिया का एजुकेशन हब बना सकती है। लेकिन अगर इसे केवल बाजार के हवाले छोड़ दिया गया तो यह अमीरों की शिक्षा बनकर रह जाएगी।



हाल ही में खबर आई थी कि नौ ब्रिटिश विश्वविद्यालय भारत में अपने कैंपस स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। भारत के उच्च शिक्षा परिदृश्य में यह टर्निंग पॉइंट 2023–24 से आया था। तभी से दुनिया के नामी विश्वविद्यालयों ने हमारे देश की ज़मीन पर अपने स्वतंत्र कैंपस खोलना शुरू किया। यह बदलाव यूँ ही नहीं आया। इसके पीछे है यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के फॉरेन हायर एजुकेशनल इंस्टिट्यूशंस रेगुलेशंस- 2023 और नेशनल एजुकेशन पॉलिसी- 2020 की वह सोच, जिसमें भारत को "वैश्विक शिक्षा केंद्र" बनाने का सपना देखा गया है।

आज यह सपना धीरे-धीरे हकीकत में बदल रहा है। ऑस्ट्रेलिया की डीकिन यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ़ वोलोंगोंग ने गुजरात में पढ़ाई शुरू करवा दी है। ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ़ साउथैम्प्टन, गुरुग्राम में अपना कैंपस खोल चुकी है। हैंइलिनॉय इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी,यूनिवर्सिटी ऑफ़ लिवरपूल, यूनिवर्सिटी ऑफ़ यॉर्क, यूनिवर्सिटी ऑफ़ ब्रिस्टल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, कोवेंट्री यूनिवर्सिटी और क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट को भारत में कैंपस खोलने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट मिल चुका है। सवाल यह नहीं है कि विदेशी विश्वविद्यालय आ रहे हैं। असली सवाल है-इससे भारत को क्या मिलेगा, क्या खो सकता है और इसे कैसे संतुलित किया जाए? भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा युवा बाज़ार है। 30 वर्ष से कम उम्र की आबादी 50% से ज्यादा है, लेकिन उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात अभी भी लगभग 30% के आसपास है। यानी करोड़ों युवा ऐसे हैं, जो बेहतर शिक्षा के मौके तलाश रहे हैं। दूसरी ओर, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों के विश्वविद्यालय घरेलू नामांकन में ठहराव और सरकारी फंडिंग में कटौती झेल रहे हैं। हालिया वीज़ा सख्ती ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या भी प्रभावित की है। ऐसे में भारत उनके लिए हाई-पोटेंशियल मार्केट बनकर उभरा है। यहां अंग्रेज़ी बोलने वाले छात्र हैं, उभरता मध्यम वर्ग है और अंतरराष्ट्रीय डिग्री की मजबूत मांग है। आसान शब्दों में कहें तो यह विन-विन मॉडल है-विदेशी संस्थानों को नया बाज़ार, भारत को ग्लोबल एजुकेशन का एक्सेस।

**घर बैठे मिलेगी विदेशी डिग्री**

सबसे बड़ा फायदा है-घर बैठे विदेशी डिग्री। अब भारतीय छात्रों को मास्टर्स या स्पेशलाइज्ड कोर्स के लिए विदेश जाने, लाखों की फीस, वीज़ा तनाव और महंगे जीवन-यापन का सामना नहीं करना पड़ेगा। अनुमान है कि भारत में वही डिग्री 25–30% कम लागत में मिल सकेगी। इसके साथ उनको अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम, इंडस्ट्री-फोकस्ड ट्रेनिंग, ग्लोबल फैकल्टी एक्सपोज़र, बेहतर रिसर्च कल्चर भी मिलेंगे। बिजनेस एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, फिनटेक, कंप्यूटिंग जैसे कोर्स सीधे भविष्य की नौकरियों से जुड़े हैं। इससे स्किल गैप कम हो सकता है और भारतीय ग्रेजुएट्स की ग्लोबल एम्प्लॉयबिलिटी बढ़ सकती है।

**प्रतिभा पलायन पर लगेगी रोक**

2019 में करीब 5.8 लाख भारतीय छात्र विदेश गए थे। 2023 में यह संख्या 9 लाख तक पहुंच गई। इनमें से 75% से ज्यादा वहीं बसने की इच्छा रखते हैं। इसका मतलब-देश से प्रतिभा भी जा रही है और अरबों डॉलर विदेशी मुद्रा भी। अगर यही गुणवत्ता भारत में उपलब्ध हो जाए, तो "ब्रेन ड्रेन" की जगह "ब्रेन रिटेंशन" संभव है। विदेशी कैंपस देश के भीतर ही अंतरराष्ट्रीय माहौल तैयार कर सकते हैं।

विदेशी विश्वविद्यालय सिर्फ क्लासरूम नहीं लाते-वे साथ लाते हैं रिसर्च कल्चर, गवर्नेंस मॉडल और अकादमिक डिसिप्लिन। संयुक्त रिसर्च सेंटर, फैकल्टी एक्सचेंज और साझा प्रोजेक्ट्स के ज़रिये भारतीय संस्थानों की क्षमता बढ़ सकती है। पहले से ही भारत के पास मजबूत आधार है-जैसे इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु और यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली जैसे संस्थान। सही सहयोग हुआ तो भारत सिर्फ स्टूडेंट-सोर्स देश नहीं रहेगा, बल्कि नॉलेज-प्रोड्यूसर बनेगा।

सबसे बड़ी चिंता है-वहनीयता। विदेशी कैंपस की फीस भले विदेश से कम हो, लेकिन भारतीय औसत आय के हिसाब से यह अभी भी बहुत ज्यादा है। खतरा यह है कि ये संस्थान सिर्फ अमीर वर्ग तक सीमित रह जाएं। इससे शिक्षा में सामाजिक असमानता और गहरी हो सकती है- जो नई शिक्षा नीति- 2020 के समावेशी शिक्षा के लक्ष्य के खिलाफ है। दूसरी चुनौती है-व्यावसायीकरण। अगर रेगुलेशन कमजोर रहा, तो कुछ विदेशी संस्थान शिक्षा को प्रोडक्ट की तरह बेच सकते हैं। चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के उदाहरण बताते हैं कि कम नामांकन और ऊंची लागत के कारण कई विदेशी कैंपस कुछ साल में बंद भी हो गए।

तीसरा मुद्दा है-स्थानीय प्रासंगिकता। अगर पाठ्यक्रम भारतीय सामाजिक-आर्थिक ज़रूरतों से कटे रहे, स्थानीय फैकल्टी शामिल न हो और इंडियन कॉन्टेक्स्ट गायब हो तो ये कैंपस "एलिट आइलैंड" बनकर रह जाएंगे।

यूजीसी ने विदेशी विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम, फीस और प्रवेश में काफी स्वायत्तता दी है ताकि वे तेजी से काम शुरू कर सकें। लेकिन अब ज़रूरत है स्मार्ट रेगुलेशन की। हमें ऐसा मॉडल चाहिए जिसमें टॉप-रैंक संस्थानों को ऑपरेशनल फ्रीडम मिले, फीस स्ट्रक्चर पारदर्शी हो, छात्र अधिकार सुरक्षित रहें, न्यूनतम छात्रवृत्ति को अनिवार्य किया जाए और अकादमिक गुणवत्ता की नियमित ऑडिट हो।

हर विदेशी कैंपस में इडब्ल्यूएस और वंचित वर्ग के लिए स्कॉलरशिप अनिवार्य की जाए, अकेले कैंपस नहीं-भारतीय संस्थानों के साथ साझा मॉडल को बढ़ावा दिया जाए, रिसर्च और फैकल्टी डेवलपमेंट को प्राथमिकता मिले, सिर्फ टीचिंग तक सीमित न रहा जाए, पाठ्यक्रमों का भारतीयकरण हो ताकि वे यहां की अर्थव्यवस्था, समाज और उद्योग से जुड़े रहें और दीर्घकाल में भारत को अपनी "आईवी लीग" तैयार करनी होगी—जहां आईआईटी , आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष पर हों।

आज भारत एक दोराहे पर खड़ा है- एक रास्ता वैश्विक ज्ञान नेतृत्व की ओर जाता है, दूसरा नई शैक्षिक असमानता की तरफ। फैसला हमें करना है।

**– राजेश जैन**

## अल्पसंख्यकों, असहमत...

गौतम चौधरी

# आस्था व विश्वास को यदि हथियार बना देंगे तो धर्म का क्या होगा?

अभी हाल ही में बांग्लादेश में एक नए प्रकार के कथित लोकतंत्र समर्थित आन्दोलन में ऐसा बहुत कुछ हुआ जो समझ से पड़े है। उसमें से एक घटना कथित तौर पर ईशनिंदा का भी सामने आया है। मसलन ईशनिंदा के आरोप में एक हिंदू मज़दूर की भीड़ ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। सच पूछिए तो यह लिंचिंग केवल एक मानव जीवन की क्षति नहीं है, इससे पूरी मानवता शर्मसार हुई है। यह एक सभ्य समाज के नैतिक विवेक के क्षरण का संकेत है। इसी से मिलती-जुलती तो नहीं लेकिन कुछ ऐसी ही घटना उत्तर प्रदेश की है। यहां एक पिता द्वारा कथित रूप से अपनी पत्नी और दो छोटी बेटियों की हत्या की कर दी गयी। यह खबर इसलिए बेहद खास हो जाती है कि एक मुसलमान ने अपनी बेटी और पत्नी की हत्या महज इसलिए कर दी कि वह तीनों बुर्क़ा पहनने से परहेज कर रही थी। इस प्रकार के कृत्य को आप क्या कहेंगे? शब्दों में इसकी व्याख्या नहीं की जा सकती है। तीन जिंदगियां-एक स्त्री और उसके बच्चे, किसी नियति या दुर्घटना से नहीं बल्कि उस व्यक्ति के हाथों खत्म हो गयी जिसने नियंत्रण को आस्था और क्रूरता को सम्मान समझ लिया। इस कृत्य की भयावहता निर्विवाद है, लेकिन उतना ही विचलित करने वाला यह है कि ऐसे मामलों को कितनी जल्दी



धार्मिक विफलता के रूप में पेश कर दिया जाता है जबकि सच्चाई यह है कि ये अपराध पितृसत्ता, असुरक्षा और अनियंत्रित घरेलू हिंसा से जन्म लेते हैं।

यह दोनों घटनाएं दो देशों की है लेकिन बहुत हद तक इसमें समानता है। दोनों स्थानों पर आस्था को ठेस पहुचाने की बात कही गयी और अंततोगत्वा एक अपराध ने जन्म लिया, जिसे एक सभ्य समाज कभी स्वीकार नहीं कर सकता है। चलिए इन कृत्यों को या ऐसा कहे कुकृत्यों को इस्लामिक धार्मिक नजरिए से पड़ताल करते हैं। मुस्लिम स्कॉलर मुफ्ती तुफैल खान साहब कहते हैं, ''क़ुरान की कोई आयत, पैग़म्बर की कोई शिक्षा, या इस्लामी सिद्धांत किसी पुरुष को यह अधिकार नहीं देता कि वह हिंसा के ज़रिये किसी महिला के विवेक पर पहरा लगाए। उसे और उसके बच्चों की हत्या करना तो दूर की बात है। इस्लाम में बुर्क़ा, हिजाब या किसी भी प्रकार का सादा पहनावा व्यक्तिगत आस्था की अभिव्यक्ति है, प्रभुत्व थोपने का हथियार नहीं। जब कपड़े ज़बरदस्ती का औज़ार बन जाते हैं, तो वे धार्मिक नहीं रहते, राजनीतिक, बल्कि आपराधिक हो जाते हैं।''

पुलिस जांच के अनुसार, उत्तर प्रदेश वाले मामले में आरोपी को कथित रूप से पत्नी के बिना बुर्क़ा बाहर निकलने पर आपत्ति थी और उसने इसे "इज्जत" का मामला माना लेकिन भय पर टिकी इज़्ज़त, इज़्ज़त नहीं होती, वह नैतिकता का मुखौटा ओढ़ी हुई तानाशाही होती है। पैग़म्बर मुहम्मद ने अपने घर में कभी हिंसा के ज़रिये आस्था लागू नहीं की। क़ुरान बार-बार करुणा, सहमति और जवाबदेही की बात करता है, महिलाओं के शरीर या उनके चुनावों पर स्वामित्व की नहीं। बांग्लादेश में इस्लाम के अपमान के एक अप्रमाणित आरोप के बाद हुई इस घटना ने एक बार फिर भारतीय उपमहाद्वीप को एक असहज सच्चाई का सामना करने को मजबूर कर दिया है। ईशनिंदा के आरोपों का बढ़ते हुए हिंसा को वैध ठहराने, न्याय को दरकिनार करने और कमजोर वर्गों को चुप कराने के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। ऐसे कृत्य अक्सर धर्म के नाम पर किए गए लेकिन वे स्वयं इस्लाम की मूल शिक्षाओं के विपरीत हैं। दक्षिण एशिया में, विशेषकर बांग्लादेश और पाकिस्तान में, ईशनिंदा के आरोप एक खतरनाक सामाजिक हथियार बन चुके हैं। अफवाहें तेज़ी से फैलती हैं, भावनाएं भड़काई जाती हैं और भीड़ स्वयं पुलिस, न्यायाधीश, जूरी और जल्लाद की भूमिका निभाने लगती है। तथ्य सत्यापित होने या सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने से पहले ही घंटों में परिवार तबाह कर दिए जाते हैं। अल्पसंख्यकों, असहमत लोगों या सामाजिक रूप से कमजोरों के लिए मात्र आरोप ही मौत का फरमान बन जाता है। तुफैन साहब कहते हैं कि ''लोकप्रिय धारणा के विपरीत, क़ुरान ईशनिंदा के लिए किसी सांसारिक दंड का प्रावधान नहीं करता। सदियों से अनेक प्रतिष्ठित विद्वानों ने इस बात पर ज़ोर दिया है।

## झूठा मुकदमा...

विनय कुमार मिश्र

# यूजीसी मतलब आ बैल मुझे मार

ऐसा माना जाता है कि भाजपा सवर्णों की पार्टी है । सवर्ण का हित इसी पार्टी को वोट देने में है। समय-समय पर ऐसा सिद्ध भी हुआ है क्योंकि कुछ पार्टियों तो इन्हें पानी पी पीकर गालियां देती थी लेकिन आजकल सवर्णों पर डोरे डाल रहीं हैं , इनके समर्थन में बोल रहीं हैं। एकाएक भाजपा को पता नहीं क्या हो गया है कि जहां सभी पार्टियां सवर्णों को अपने पक्ष में करने में लगी हुई है, वहीं भाजपा इन्हें क्रोधित होने का मौका देने के साथ-साथ इन्हें बगावत के लिए मजबूर कर रही है । आखिर क्या सोच रही है कि वह ऐसा करके अन्य लोगों का वोट जिन्हें खुश कर रही है उनका वोट पा पाएगी। देश भर में हो रहे हो हल्ले मंडल आयोग की याद दिला रहे हैं । मंडल आयोग लागू होने के बाद अन्य पार्टियों का भी देख लीजिए. जो भी इसके जिम्मेदार थे, जिन जिनका इसमें हाथ था, वह आज सत्ता से कोसों दूर है लेकिन अभी वही गलती भाजपा करके सत्ता से कोसों दूर होना चहती है ।

भाजपा की ग्रह दशा की अगर बात की जाए तो हमें लगता है कि कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। एक यूजीसी का जबरदस्त विरोध तो दूसरी तरफ एसआईआर से परेशान लोग पानी पी पीकर अनाप सनाप बके जा रहे हैं । आज तक सवर्ण भाजपा को इसलिए चुनते और वोट देते आये हैं कि वह उनका हित और रक्षा करेंगी लेकिन एकाएक यह भाजपा को क्या हो गया कि ऐसे बिल की बात सोच ली । कोर्ट का अगर आदेश था तो वह कमेटी में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देती । झूठा




आरोप लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई का प्रवधान करतीं तो बात कुछ अलग होंती लेकिन जिस रूप में यह कानून लाया जा रहा था, वह सच में काला कानून था। इससे उन बच्चों का भविष्य चौपट हो जाता जो भविष्य बनाने जातें हैं। सवर्णों के साथ घात किया जा रहा था। इस कानून के आ जाने से सवर्ण असहाय महसूस करता तथा कोई भी झूठे मुकदमों में फसा कर इनका भविष्य चौपट कर देता। झूठा मुकदमा करने वाला जिंदगी के मज़े करता और निर्दोष जेल की सलाखों के पीछे काल कोठरी में सवर्ण होने का दंश झेलता। इतने अंधे और बहरे है कि कई ऐसे बनें कानूनों की खामियां नहीं दिखीं। जो जेल की हवा, झूठा मुकदमा झेल जाता, वह अंत में क्या करता, क्या बनता, समाज के प्रति क्या सोचता । आखिर यह कानून लाकर सरकार क्या संदेश देना चाहती थीं कि अब शिक्षण संस्थानों में भी भेदभाव, जातिवाद, अपराध, वैमनस्यता आदि भी पढ़ाए जाएंगे। शिक्षा का मतलब मानवीय होता है. शिक्षा इन सबसे ऊपर होती है। जब आप शिक्षण संस्थानों में इसकी नींव रख देंगे, तब तो पूरी शिक्षा व्यवस्था ही चौपट हो जाएंगी।

# जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं हैं परीक्षाएं

भारत में छात्रों के परीक्षा तनाव को कम करने और सीखने की प्रक्रिया को आनंदमय बनाने के लिए शुरू हुई 'परीक्षा पे चर्चा' पहल आज एक बड़ी जन-भागीदारी बन चुकी है। 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छात्रों के बीच हुई एक बातचीत से आरंभ हुई यह पहल अब करोड़ों छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों का मार्ग प्रशस्त कर रही है। 2025 में इस कार्यक्रम ने गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया, जब एक ही महीने में 3.53 करोड़ से अधिक लोगों ने इसमें भागीदारी के लिए पंजीकरण किया। इसकी कुल पहुंच 21 करोड़ से अधिक दर्शकों तक रही, जिसमें विदेश स्थित भारतीय स्कूल भी शामिल थे। यह कार्यक्रम छात्रों को यह संदेश देता है कि परीक्षाएं जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं हैं, बल्कि सीखने की यात्रा का सिर्फ एक प्रमुख चरण हैं। प्रधानमंत्री बार-बार इस पर जोर देते हैं कि परीक्षा केवल किसी विशेष क्षण में आपकी तैयारी को मापती हैं, जबकि सीखना लगातार और आनंददायक होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में 'आजीवन सीखने' की अवधारणा पर गहराई से जोर दिया गया है। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख उद्देश्य यह है कि अंकों का प्रतिशत बच्चे के संपूर्ण व्यक्तित्व को परिभाषित नहीं कर सकता। बच्चों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर अलग-अलग कौशल सीखने, नई गतिविधियों को आजमाने और चुनौतियों को डर के बजाय अवसर के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया जाना है। इस पहल में मानसिक स्वास्थ्य को विशेष महत्व दिया गया है। विशेषज्ञ छात्रों को तनाव कम करने के आसान तरीकों से परिचित करा रहे हैं, जिनमें 5-4-3-2-1 ग्राउंडिंग तकनीक, पर्याप्त नींद, पानी, व्यायाम और ध्यान जैसी स्वस्थ दिनचर्या शामिल हैं। 5-4-3-2-1 इंद्रिय-आधारित ध्यान अभ्यास है, जिसे पांचों इंद्रियों का उपयोग करके विचारों की दौड़ को शांत करने और अंततः उन्हें एक इंद्रिय तक सीमित करने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐसा करने से आपका ध्यान चिंता पैदा करने वाले विचारों से हटकर वर्तमान क्षण पर केंद्रित होता है।

**– संजय कुमार**

## जरा हटके

## कुल मिलाकर यहाँ ...

विवेक रंजन श्रीवास्तव

# अमेरिका : पार्किंग का चक्रव्यूह

अमेरिका को 'पहियों पर चलने वाला देश' कहा जाता है. यहां दो स्थानों की दूरी मील में कम, कार से ट्रेवल के गूगल मैप टाइम से ज्यादा बतलाई जाने का प्रचलन है लेकिन कारों की बढ़ती संख्या के चलते आज यही पहिये पार्किंग के लिए जगह तलाशते-तलाशते थक रहे हैं। न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी जैसे महानगरों में पार्किंग अब केवल सुविधा नहीं बल्कि एक रणनीतिक चुनौती बन गई है। यहां भारत की तरह ड्राइवर कम ही कार चलाते हैं. बड़ी मंहगी गाड़ियों में भी सेल्फ ड्राइव ही अधिक देखने में आती है।

हाल ही में न्यूयॉर्क में एक डॉक्टर के अपॉइंटमेंट के दौरान जब मुझे समय पर पार्किंग नहीं मिली तो मजबूरी में कार 'ट्रक पार्किंग' ज़ोन में खड़ी करनी पड़ी। महज़ 10 मिनट के भीतर वापस आने पर \$115 (करीब 9,500 रुपये) का फाइन टिकट वाइपर पर चिपका मिला। यह घटना दर्शाती है कि यहाँ का प्रशासन और पुलिस व्यवस्था कितनी चाक-चौबंद है।

तकनीक और नियमों का सख्त पहरा चौबीस घंटे बना रहता है। रात के वीराने में भी खाली सड़क होते हुए भी लाल सिग्नल पर कार खड़ी रहती हैं। पैदल चलने वाले को सड़क पर पहला अधिकार दिया जाता है। रोड क्रासिंग पर कार रोक कर पैदल व्यक्ति को सड़क क्रास करने की प्राथमिकता मुस्करा कर देना शिष्टाचार है।

लिबर्टी स्टेट पार्क टहलने के लिए रोज ही जाता हूं. पाथ ट्रेन (लोकल) लेवल क्रासिंग पड़ती है पर कोई बैरियर नहीं है, न ही कोई वॉचमैन . केवल स्वचालित लाइट के इशारे समझ कर कार, पैदल , साइकिलिंग करने वाले सभी रुक जाते हैं । मेरे साथ तो एक बार अद्भुत घटना हुई जब मैं पत्नी के संग रुका हुआ था



कि ट्रेन गुजर जाए, तब ट्रैक क्रास करूं पर ट्रेन ड्राइवर ने इशारा किया कि मैं निकल जाऊं और उसने पल भर के लिए रोकी ट्रेन और कुछ क्षण रोके रखी । कुल मिलाकर यहाँ सड़क पर कोई कभी भी हड़बड़ी में कार नहीं चलाता । यहां अत्याधुनिक तकनीक और कड़े नियमों का एक बड़ा नेटवर्क परिवहन व्यवस्था बनाए हुए है। पुलिस की मौजूदगी हर जगह भौतिक रूप से भले न दिखे लेकिन तकनीक की नज़र हर वाहन पर है। 'रडार आधारित स्पीड लिमिट' के कारण आपकी गति सीमा का उल्लंघन तुरंत दर्ज हो जाता है।

टोल प्लाजा पर लंबी कतारों के बजाय 'EZ Pass' जैसी RFID प्रणाली का उपयोग होता है जिससे वाहन बिना रुके पूरी लगभग सौ की स्पीड से टोल पार कर लेते हैं।

पर्यावरण और ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए, तीन या उससे अधिक यात्रियों वाली कारों के लिए अलग लेन आरक्षित होती है।

पार्किंग का डिजिटल समाधान भारत के लिए नया व्यवसाय हो सकता है। जहाँ जगह कम है, वहाँ पार्किंग समाधान 'स्मार्ट' हैं। अब न्यूयॉर्क और जर्सी में ParkMobile जैसे 'मैन-लेस' (Man-less) ऐप्स का बोलबाला है। आपको किसी पार्किंग अटेंडेंट की ज़रूरत नहीं, बस ऐप पर अपना ज़ोन नंबर डालें और भुगतान करें। यदि समय बढ़ता है तो आप अपने फोन से ही समय सीमा बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, शहरों में मल्टी-लेवल और रोबोटिक पार्किंग का जाल है जो सीमित स्थान का अधिकतम उपयोग करते हैं। माल आदि में भी स्वयं ही पार्किंग पेमेंट और स्लिप स्कैन करनी होती है।

भारत और अमेरिका में लोगों की ड्राइविंग आदतों में एक बड़ा मौलिक अंतर अनुशासन का है।

# अमूर्त को कैसे जाने ?

मन में जिज्ञासा उत्पन्न हो सकती हैं कि हम अमूर्त को कैसे जाने ? वह कैसे इसको समझें ? वह कैसे इसके लिए मन में स्पष्ट हो ? आदि - आदि । आत्मवाद अध्यात्म जगत का मुख्य तत्व है। आत्मा को न भिगोया जा सकता है न सुखाया जा सकता है न नष्ट किया जा सकता हैं और न जलाया जा सकता है। कर्म से मुक्त नहीं हो तब तक आत्मा बार-बार जन्म लेती है और मृत्यु को प्राप्त करती है। आत्मा अमूर्त है, उसे अभी हमारे द्वारा आँखों से देखा नहीं जा सकता हैं। मूर्त वह जिसमें वर्ण, गंध, रूप, रस व स्पर्श हो आत्मा व जीवास्तिकाय अमूर्त होती है। आत्मा न इंद्रिय-ग्राह्य है और न उसे हाथ में लेकर दिखाया जा सकता है । सन्यासी ने आत्मवाद पर अच्छा प्रवचन दिया। एक दार्शनिक व उसके शिष्य ने कहा, आप आत्मा को हाथ में लेकर दिखाएं हम तब मानें। आचार्य ने कहा – ये पेड़ के पते हिल रहे हैं, किस कारण से ? हवा से। उस फूल से सौरभ आ रही है ? हाँ आ रही है – दार्शनिक ने कहा। तो क्या आप हवा और सौरभ को हाथ में लेकर दिखा सकते है ? नहीं , दार्शनिक ने कहा। जब आप हवा और सौरभ जो किसी रूप में मूर्त हैं को हाथ में लेकर नही दिखा सकते तो फिर अमूर्त आत्मा को हाथ में लेकर कैसे दिखाया ज सकता है ? हवा और सुगंध तो इंद्रिय सुख है और आत्मा अमूर्त व अतीन्द्रिय सुख हैं । केशी स्वामी ने कहा कि हमारे विश्व में दो प्रकार के पदार्थ मूर्त और अमूर्त हैं । यह दर्शन का बड़ा विषय हैं । इसमें जैन दर्शन ने बहुत काम किया हैं । पदार्थ अमूर्त भी होते हैं । पांच अस्तिकाय हैं । धर्मास्तिकाय , अधर्मास्तिकाय , आकाशस्तिकाय , पुद्गलास्तिकाय, जीवास्तिकाय । यह सारी दुनिया, यह सारा विश्व पांच अस्तिकायों का ही विस्तार हैं । इनमे चार अमूर्त हैं धर्मास्तिकाय , अधर्मास्तिकाय , आकाशस्तिकाय , जीवास्तिकाय । वह जिनमें कोई वर्ण, गंध, रस और स्पर्श नहीं हैं । वर्ण, गंध, रस , स्पर्श ये सब भौतिक जगत और पौद्गलिक जगत में होते हैं । पुद्गल में वर्ण हैं, गंध हैं, रस हैं और स्पर्श हैं , क्योंकि यह भौतिक हैं । चार अस्तिकायों में वर्ण आदि नहीं हैं । वे अभौतिक हैं । वह जो अमूर्त तत्त्व हैं उसका कोई आकार नहीं हैं । जीव का कोई आकार नहीं हैं । यह बिना आकार का तत्त्व हैं । यह बहुत गहन विषय हैं ।

**> प्रदीप छाजेड़**

# यूपी में लूट के 3-घंटे बाद बदमाश ढेर

**मुठभेड़**

## 50 हजार इनामी, 90 मुकदमे, 4 महीने में 19वां एनकाउंटर

तमसा संकेत, एजेंसी

शामली । यूपी के शामली में दिल्ली का 50 हजार का इनामी बदमाश रिहान एनकाउंटर में मारा गया। मुठभेड़ से 3 घंटे पहले रिहान ने अपने साथी के साथ एक युवक से नकदी और मोबाइल फोन लूट लिए थे। इसके बाद पुलिस ने पूरे जिले में चेकिंग अभियान चलाया।

रात 12:30 बजे दोनों बदमाशों को घेर लिया गया। पुलिस ने सरेंडर करने को कहा, लेकिन आरोपियों ने फायरिंग कर दी। इसमें सिपाही सुमित को गोली लग गई। इसके बाद जवानों ने फायरिंग की। इस दौरान रिहान को गोली लग गई। वह जमीन पर गिर पड़ा। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला।




एनकाउंटर के बाद पुलिस रिहान को अस्पताल लेकर आई। जहां उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह दिल्ली के जाकिर नगर, न्यू ओखला का रहने वाला था। उस पर 90 मुकदमे दर्ज थे। उसके पास से एक मेड इन इटली पिस्तौल, एक देसी पिस्तौल, आठ जिंदा कारतूस और सोने की अंगूठी मिली है। मुठभेड़ कोतवाली क्षेत्र के यमुना नहर के पास हुई। इससे पहले योगी ने मंगलवार को यूपी फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 के उद्घाटन के दौरान कहा था कि 2012 से 2017 के बीच यूपी में 900 से ज्यादा दंगे हुए। ऐसे वक्त पर मुझे दायित्व सौंपा गया। हमने तय किया- जीरो टॉलरेंस।

### पुलिस ने बदमाश को रोका तो फायरिंग कर दी

एसपी एनपी सिंह ने बताया कि गुरुवार रात नौ बजे बाबरी क्षेत्र में रिहान ने अपने साथी के साथ लूट की थी। बदमाशों ने बाइक से जा रहे फतेहपुर निवासी राहुल को रोका। उससे नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया और इसके बाद फरार हो गए।

राहुल ने किसी तरह इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पूरे जिले की पुलिस को अलर्ट किया गया। जगह-जगह चेकिंग अभियान शुरू किया गया। रात 12:30 बजे कोतवाली पुलिस और आदर्श मंडी पुलिस पूर्वी यमुना नहर पर बदमाशों की तलाश कर रही थी, तभी दोनों बदमाश बाइक से आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं रुके, बल्कि यू-टर्न लेकर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने पीछा किया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इसमें सिपाही सुमित को गोली लग गई। इसके बाद जवानों ने फायरिंग की।

बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए। अगर उस अपराधी के पास गोली चलाने की आजादी है तो हमने भी पुलिस को पिस्तौल दी है। पिछले हफ्ते यूपी पुलिस के 'हाफ एनकाउंटर' तरीके पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने कहा था- पुलिस अधिकारी सिर्फ तारीफ, समय से पहले प्रमोशन और सोशल मीडिया पर वाहवाही के लिए अनावश्यक रूप से गोली चला रहे हैं।



यह एनकाउंटर स्पॉट की तस्वीर है। पुलिस ने बदमाश के पास से एक मेड इन इटली पिस्तौल बरामद की है।

### 35 मिनट तक चली मुठभेड़

बदमाश रिहान गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। सिपाही और बदमाश को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने बदमाश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस और बदमाशों के बीच करीब 30 से 35 मिनट तक मुठभेड़ चली।

# पद्मश्री डॉ. टीके लहरी के फेफड़े में भरा पानी

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सुपरस्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) में भर्ती देश के जाने-माने कार्डियोथोरेसिक सर्जन और पद्मश्री सम्मानित डॉ. टीके लहरी की हालत गंभीर बनी हुई है।

वे पिछले नौ दिनों से एसएसबी के कार्डियोथोरेसिक आईसीयू में भर्ती हैं। चिकित्सकों के अनुसार उनके बाएं फेफड़े में पानी भर गया था, जिसकी वजह से उनकी स्थिति लगातार नाजुक बनी हुई है।

डॉ. टीके लहरी वर्ष 2003 में बीएचयू से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद वे लंबे समय तक बीएचयू अस्पताल में अपनी सेवाएं देते रहे। बताया जा रहा है कि वे करीब 15 दिनों तक अपने आवास पर ही बीमार अवस्था में बेड पर पड़े रहे। इस दौरान उनके करीबी अहमद अली ने उनकी बिगड़ती हालत की



**हेल्थ बुलेटिन नहीं जारी कर रहा विश्वविद्यालय प्रशासन ईसी में बर्स ने की मुलाकात**

जानकारी आईएमएस बीएचयू प्रशासन को दी।

इसके बाद पिछले सप्ताह मंगलवार की देर शाम उन्हें बीएचयू अस्पताल स्थित सुपरस्पे-शियलिटी ब्लॉक के कार्डियोथोरे-सिक आईसीयू में भर्ती कराया गया। उन्हें बेड नंबर दो पर रखा गया है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है।

## यूपी कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था- राजेश्वर सिंह ने ईडी में रहते देश-प्रदेश को लूटा

# भाजपा विधायक को लुटेरा कहने पर अजय राय पर एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह को लुटेरा कहने पर कांग्रेस यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ लखनऊ में FIR दर्ज हुई है। अजय राय ने एक कार्यक्रम में कहा था- विधायक राजेश्वर देश और प्रदेश को लूटने का काम कर रहे है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में रहते हुए भी यह लूट-खसोट जारी थी।

भाजपा नेता शिवशंकर सिंह उर्फ शंकरी ने इस टिप्पणी के बाद सरोजनी नगर थाने में शिकायत की। तहरीर में बताया- 1 फरवरी 2026 को सरोजनीनगर के गौरी-बिजनौर रोड स्थित नटकुर तिराहा पर एक राजनीतिक सभा आयोजित की गई थी। इस सभा को संबोधित करते




**तहरीर में भाषण देने, उसे रिकॉर्ड करने और वायरल करने वालों के बीच आपराधिक साजिश रचने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने भाजपा नेता की तहरीर के आधार पर मानहानिक, जानबूझकर भड़काऊ भाषण देने और अपमानित करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।**

अजय राय ने असत्य, मानहानि करने वाला और भड़काऊ बयान दिया था।

गौरतलब है कि बीते रविवार को कांग्रेस द्वारा सरोजनीनगर में आयोजित 'संविधान संवाद महापंचायत' कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा विधायक पर यह टिप्पणी की थी। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भाजपा नेता शिव शंकर सिंह शंकरी और पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह चौहान के नेतृत्व में कानपुर रोड पर विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला भी फूंका था।.. शंकरी ने बताया- भाषण में विधायक पर देश और लखनऊ को लूटने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए, जो पूरी तरह निराधार और तथ्यहीन हैं। भाषण को य ोज न ाब द्ध तरीके से रिकॉर्ड किया गया और सोशल मीडिया प्ल ेट फ ॉर्म फेसबुक पर अपलोड किया गया।

शंकरी ने 'रुद्रदमन सिंह' नामक फेसबुक अकाउंट पर भाषण साझा करने का आरोप लगाया।

## पहले दिन सति, ध्रुव चरित्र का हुआ भावपूर्ण वर्णन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित

# पांच दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ




तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र के ग्राम गौराचक में शुक्रवार से पांच दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस कथावाचक चन्द्रशेखर जी महाराज ने सति चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए श्रोताओं को जीवन में विवेक, धैर्य और भक्ति का महत्व समझाया। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस में डूबे रहे। कथावाचक ने सति चरित्र के प्रसंग में बताया कि किसी भी विशिष्ट आयोजन या सभा में बिना निमंत्रण जाने से पहले यह अवश्य विचार करना चाहिए कि वहां अपने इष्टदेव या गुरु का अपमान तो नहीं हो रहा है। यदि अपमान की संभावना हो, तो ऐसे



स्थान पर नहीं जाना चाहिए, चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का ही घर क्यों न हो। इस संदर्भ में उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास जी की चौपाई का उल्लेख करते हुए कहा—

"आवत ही हरषे नहीं, नैनन नहीं सनेह।
तुलसी तहां न जाइये, कंचन बरसे मेह॥"

महाराज ने बताया कि भगवान शिव की आज्ञा की अवहेलना कर सती का अपने पिता दक्ष के यज्ञ में जाना ही उनके आत्मदाह का कारण बना। यह प्रसंग हमें गुरु वचन और विवेक का पालन करने की सीख देता है।

> **भक्त ध्रुव की तपस्या का वर्णन करते हुए चन्द्रशेखर जी महाराज ने कहा कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं होती। बचपन कच्ची मिट्टी के समान होता है, जिसे जैसा संस्कार दिया जाए, वैसा ही व्यक्तित्व बनता है। इसलिए बच्चों को बचपन से ही भक्ति और सदाचार की प्रेरणा देनी चाहिए।**

कथा के दौरान उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि सौतेली मां सुरुचि द्वारा अपमानित किए जाने पर भी ध्रुव की माता सुनीति ने धैर्य और संयम नहीं खोया, जिससे एक बड़ा पारिवारिक संकट टल गया। उन्होंने कहा कि परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य और संयम अत्यंत आवश्यक हैं। महाराज ने अजामिल उपाख्यान के माध्यम से यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति पाप कर बैठता है, तो उसे नरकगामी होने से बचाने का श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित है, जिसका वर्णन रामकथा में विस्तार से मिलता है। इसके साथ ही प्रह्लाद चरित्र का सुंदर वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद के अटूट विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान नृसिंह रूप में लोहे के खंभे से प्रकट हुए और हिरण्यकश्यप का वध कर अपने भक्त की रक्षा की।

# मानकविहीन निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

## प्राथमिक विद्यालय परिसर में बन रहे आंगनवाड़ी केंद्र पर उठे सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय विशुनपुर के प्रांगण में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य में भारी अनियमित-ताओं का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जिससे भविष्य में भवन की मजबूती और सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं।

ग्रामीण राजू रावत, राम बहादुर, सुभाष चंद्र, सरोज कुमार, संजय कुमार, गुड्डू, संगीत कुमार, हीरा लाल सहित कई अन्य लोगों ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले नियम के अनुसार जितनी खुदाई (खुदान) होनी चाहिए थी, वह नहीं की गई। आरोप है




कि मात्र एक से आधा फीट मिट्टी हटाकर ही नींव डाल दी गई, जबकि मानक के अनुसार इससे कहीं अधिक गहराई तक खुदाई आवश्यक होती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह का लापरवाह और मानकविहीन निर्माण कार्य न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि आंगनवाड़ी केंद्र में आने वाले छोटे बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मौके



पर निरीक्षण करने नहीं पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जब तक मानकों के अनुसार कार्य न हो, तब तक निर्माण पर रोक लगाई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ-साथ आंदोलन करने को भी मजबूर होंगे। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग प्रशासन

# काशी में वोट जिहाद चल रहा

## यूपी के मंत्री बोले मेरी विधानसभा से 1 लाख नाम कट गए

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी से विधायक और UP सरकार में मंत्री रविंद्र जायसवाल ने SIR के काम पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि काशी में वोट जिहाद चल रहा है। मेरी विधानसभा से एक लाख वोट कम हो गए। ये पूरा खेला राहुल की कांग्रेस पार्टी का है।

कई 30 से 40 साल की शादीशुदा महिलाएं पिता के नाम से वोटर बनी हुई हैं। इनके नाम कई बूथों पर दो से तीन बार दर्ज हैं। ऐसा भी नहीं कि एड्रेस और पिता के नाम अलग हो। सब एक हैं। वो भी फाइनल लिस्ट में सेव हैं। यह बड़ी गड़बड़ी है।

मंत्री ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोटरों की हेराफेरी की बात रखी। उन्होंने कहा कि इस मामले में डीएम सत्येंद्र कुमार से शिकायत की है। रविंद्र जायसवाल वाराणसी की शहर उत्तरी सीट से विधायक और



स्टांप एवं पंजीयन मंत्री हैं।

रविंद्र जायसवाल ने बताया- एसआईआर शुरू होने पर हमारे यहां 4 लाख 45 हजार मतदाता थे। एसआईआर के प्रथम चरण में हमारे यहां 1 लाख 10 हजार वोट कट गए। 6 जनवरी को जब फाइनल लिस्ट आई। तो हमने उसमें से 90 हजार मतदाताओं की जांच की। हमने 9200 मतदाताओं के नाम उसमें से अलग किए हैं।

हमने जब SIR की फाइनल लिस्ट को जांचा तो उसमें से कई बूथों पर शादीशुदा महिलाओं के ऐसे नाम मिले हैं। जो कई बूथों पर दो और तीन बार हैं। इसमें ऐसा भी नहीं कि एड्रेस और पिता के नाम अलग हों। मंत्री ने बताया - हमारे बीएलओ घर-घर गए तो पता चला, जिस लड़की की उम्र 39 साल है। उसका नाम ससुराल और मायके दोनों जगह पर है।

### पहला- मतदान के लिए जिहाद हो रहा

रविंद्र जायसवाल ने बताया - हमने 90 हजार में चेक किया तो नाम लगातार थे। हमने बार-बार चेकिंग की बात कही। चेक करने के बावजूद अगर नाम आ रहे हैं, तो यह गलत है। जब पूछा गया कि क्या यह लापरवाही है। तो इस पर उन्होंने कहा यह लापरवाही नहीं विपक्ष की चाल है। एक तरह का वोट जिहाद है।


# कार्यालय नगरपालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

पत्रांक-4457/न०पा०परि०अ० / 2025-26

दिनांक-06.02.2026

## सार्वजनिक-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद अकबरपुर में संगठित विकास योजनान्तर्गत नई सड़क सब्जीमण्डी शहजादपुर में कुल 32 दुकान (18 दुकाने भूतल पर एवं 12 दुकानें प्रथम तल पर) एवं 01 गोदाम व 01 रेस्टोरेन्ट (रेस्तरा) का निर्माण कराया गया है। जो इण्टरलाकिंग, नाली, जलापूर्ति, विद्युतीकरण जैसी मूलभूत सुविधाओं से युक्त हैं। उक्त दुकानों का आवंटन नीलामी पद्धति से किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति दिनांक-28.02.2026 तक संगठित विकास योजनान्तर्गत खोले गये खाता संख्या-07830100001072 में धनराशि रू0-1100.00 जमा कर जमा रसीद कार्यालय में उपलब्ध कराकर आवंटन की विवरणिका प्राप्त कर सकते है। विवरणिका प्राप्त करने के उपरान्त विवरणिका के साथ संलग्न फार्म को भरकर एवं उपरोक्त उल्लिखित खाते में दुकान की धनराशि रू0-150000.00 व गोदाम की धनराशि रू0-300000.00 एवं रेस्टोरेन्ट (रेस्तरा) की धनराशि रू0-500000.00 जमा करके रसीद फार्म के साथ संलग्न करते हुए नगर पालिका कार्यालय में दिनांक-09.03.2026 तक जमा किया जा सकता है। नीलामी की तिथि दिनांक-16.03.2026 को निर्धारित की गयी है। उक्त आवंटन की विवरणिका प्राप्त करने हेतु इच्छुक व्यक्ति को आधार कार्ड/पैन कार्ड/जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति साथ में लाना अनिवार्य होगा। शेष शर्ते एवं नियम विवरणिका में उल्लिखित है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद**
**अकबरपुर-अम्बेडकरनगर**

**अध्यक्ष,**
**नगरपालिका परिषद**
**अकबरपुर-अम्बेडकरनगर**

## 2 दिन तेज हवाएं चलेंगी, 11 जिलों में कोहरा, पहाड़ों पर बर्फबारी से फिर बिगड़ेगा मौसम

# यूपी में फिर लौटेगी ठंड


### पलटी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी के मौसम एक बार फिर पलटी मारेगा। पहाड़ों पर बर्फबारी से ठंड लौटेगी। तेज हवाएं चलेंगी। दिन में निकली रही तेज धूप में भी ठिठुरन का अहसास होगा। मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों पर 9 फरवरी से फिर से बारिश या बर्फबारी का दौर शुरू हो सकता है। इसका असर मैदानी इलाकों, खासकर यूपी पर पड़ेगा।

इस बीच शुक्रवार सुबह 11 जिलों में कोहरा छाया रहा। शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में कोहरा काफी घना रहा। आंस की बूंदें रिमझिम बारिश की तरह महसूस हुईं। सड़कें गीली हो गईं। कई जगह विजिबिलिटी 10-20 मीटर तक सिमट गई। सड़कों पर कुछ भी देखना मुश्किल हो गया।

प्रदेश के बाकी जिलों में फिलहाल कोहरे से राहत मिली हुई है, लेकिन पहाड़ों से आ रहीं सर्द हवाओं से सुबह और शाम के वक्त गलन बढ़ा रखी है। दिन में धूप की वजह से ठंड से मिल रही है।





**संभल में हुई सर्वाधिक बारिश**

फरवरी में पिछले चार दिनों की बारिश पर नजर डालें तो संभल में सबसे ज्यादा 73.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा, मेरठ में 51.8 मिलीमीटर और बागपत में 41.3 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई है। बारिश के बाद बदले मौसम ने ठंड का एहसास और बढ़ा दिया है।

**बड़े शहरों के मौसम का हाल**

लखनऊः सुबह के समय में हल्की धुंध और कोहरा रहा। इसके बाद मौसम साफ हो गया। तेज धूप निकल आई। मौसम विभाग का अनुमान है कि दिन में तेज हवा चलती रहेंगी। गुरुवार को अधिकतम तापमान 23.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री रहा।

कानपुरः सुबह के समय मौसम बिल्कुल साफ है। सुबह से ही धूप निकल आई है, लेकिन सर्द हवाएं ठंड के साथ कर रही है। हवाओं की गति भी बीते दिनों की अपेक्षा तेज है।

वाराणसीः पश्चिमी विक्षोभ गुजरने के बाद सुबह से मौसम साफ है। वैज्ञानिकों के अनुसार, फिलहाल किसी विक्षोभ के सक्रिय न होने से मौसम सामान्य रहेगा। पछुआ हवा से सुबह और शाम में ठंड बनी रहेगी। अब आठ फरवरी को एक नए विक्षोभ के सक्रिय होने से तापमान बढ़ेगा। आसमान में हल्के बादल रहेंगे।

पिछले 24 घंटे में हरदोई सबसे ठंडा रहा। पारा 8°C दर्ज किया गया। इससे पहले गुरुवार को लखनऊ, प्रयागराज समेत 15 जिले घने कोहरे की चपेट में रहे। कम विजिबिलिटी की वजह से लखीमपुर-खीरी में तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक से जा घुसी। हादसे में बहराइच के पति, पत्नी और साले की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए। वहीं, उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के कारण बस-कारों समेत 10 गाड़ियां टकरा गईं। पिछले 24 घंटों के दौरान यूपी के दोनों मौसम संभागों में मौसम शुष्क रहा। पश्चिमी यूपी में कहीं-कहीं घना कोहरा और पूर्वी यूपी में कुछ स्थानों पर घना से घना कोहरा देखा गया। सबसे कम विजिबिलिटी शून्य मीटर प्रयागराज में दर्ज की गई।

**वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया फिलहाल यूपी के ऊपर या आसपास कोई सिस्टम एक्टिव नहीं है। इस वजह से आने वाले 3 तीन दिनों में तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आएगा। तेज पछुआ हवाओं के कारण घने कोहरे के दौर से राहत मिलेगी। 2-3 दिन बाद पहाड़ों पर बर्फबारी से फिर से मौसम बदलेगा।**

## अयोध्या में बुलडोजर एक्शन अतिक्रमण हटाया गया कॉम्प्लेक्स निर्माण का रास्ता साफ

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । अयोध्या में एक बार फिर प्रशासन की ओर से बुलडोजर कार्रवाई की गई। आदर्श नगर पंचायत मां कामाख्या धाम के जानकी वार्ड में गाटा संख्या 1565 की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। यह भूमि नगर पंचायत के कॉम्प्लेक्स और दुकानों के निर्माण के लिए शासन स्तर से पहले ही स्वीकृत है, लेकिन अतिक्रमण के चलते निर्माण कार्य लंबे समय से बाधित चल रहा था।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी निखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। प्रशासन की कार्रवाई से जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया, लेकिन इसको लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। पूर्व प्रधान सैय्यद नफीसुल हसन 'आबिद' ने आरोप लगाया कि जिस जमीन पर बुलडोजर कार्रवाई की गई है, उसका मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है और 10 फरवरी को इसकी अगली सुनवाई प्रस्तावित थी। इसके बावजूद प्रशासन ने जबरन कार्रवाई करते हुए गरीबों की दुकानों पर बुलडोजर चलवा दिया, जो न्यायसंगत नहीं है।



वहीं, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी निखिलेश मिश्रा ने बताया कि अतिक्रमणकारियों को 15 दिन पहले नोटिस जारी की गई थी। तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिसके चलते राजस्व टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में मजबूरन बुलडोजर कार्रवाई करनी पड़ी।

## एक साल की बच्ची को पानी में डुबोकर मार डाला

कानपुर । कानपुर में अवैध संबंधों के शक में पिता ने एक साल की बेटी को ठंडे पानी के टब में डुबोकर मार डाला। लड़की अपने मायके वालों के साथ ससुराल पहुंची। हंगामा किया। पति पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मासूम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पत्नी ने पति के खिलाफ थाना रावतपुर में शिकायत दर्ज कराने के लिए शिकायत दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के सूर्य बिहार निवासी राम सिंह एक सैलून पर बाल काटने का काम करते हैं। परिवार में पत्नी मधु, बेटा अंकित है। मां मधु ने बताया कि रावतपुर निवासी रिक्शा चालक गोपाल मेरी बेटी को रोज ई-रिक्शे से गुरुदेव छोड़ने और लेने जाया करता था। इस दौरान दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया। 16 सितंबर 2024 को दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। इसकी जानकारी ज़ब गोपाल के परिजनों को दी तो उन्होंने किनारा कर लिया।

वह लव मैरिज के खिलाफ थे। इस पर दोनों थाना नवाबगंज के सूर्यविहार कॉलोनी में किराये के मकान में रहने लगे।

## विद्यालय में प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसार

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। महावन स्थित श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज में भारत सरकार द्वारा आयोजित 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ऑनलाइन संबोधन का टेलीविजन के माध्यम से सजीव प्रसारण छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से मुक्त कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र जी के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को एकाग्रता एवं उत्साह के साथ देखा और सुना। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को परीक्षा को जीवन का स्वाभाविक अंग मानने, सकारात्मक सोच रखने तथा समय प्रबंधन एवं अनुशासन को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन की दिशा तय करने का एक माध्यम है, न कि जीवन का अंतिम पड़ाव।

प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र जी ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मबल बढ़ाने के साथ-साथ मानसिक दबाव को कम करने में सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को अपने अध्ययन एवं जीवन में अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य शिवकुमार निगम, वरिष्ठ अध्यापक संजय वर्मा, स्काउट मास्टर विनोद कुमार शुक्ल डॉक्टर राकेश कुमार राही, विश्वजय सिंह संग्राम सिंह , दिमान सिंह, श्रीमती अंजलि वर्मा, पारस दीक्षित सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## कानपुर में सपा एमएलए अमिताभ का बड़ा दावा

कानपुर। कानपुर में एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरापे लगाते हुए सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने पीडीए वोटर्स के भारी संख्या में नाम काटने के लिए भरे गए फॉर्म-7 को बरामद किया है। उनका आरोप है कि भाजपा नेता पीडीए वोटर्स के नाम कटवाने के लिए उनके नाम से खुद फॉर्म भरकर नाम कटवाने का काम कर रहे हैं। हजारों की संख्या में फॉर्म दिखाते हुए चौंकाने वाला खुलासा किया है। वोट काटने के लिए भरे गए फर्जी फॉर्म-7 का बंडल दिखाते हुए सपा विधायक अमिताभ बाजपेई। उनका आरोप है कि भाजपा खुलासा होने पर इसे फेंककर भाग निकले। वोट काटने के लिए भरे गए फर्जी फॉर्म-7 का बंडल दिखाते हुए सपा विधायक अमिताभ बाजपेई।

कानपुर की आर्य नगर विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई ने शुक्रवार को वोटर्स के नाम कटवाने के लिए भरे गए सैकड़ों फॉर्म-7 को दिखाते हुए खुलासा किया।

# भांजी की शादी में मामा की मौत

## आशीर्वाद देकर स्टेज से उतरे, बहन की तरफ बढ़ते ही बेहोश होकर गिरे

तमसा संकेत, संवाददाता

झांसी । झांसी में भांजी की शादी में मामा की मौत हो गई। मामा ने स्टेज पर भांजी को आशीर्वाद दिया। स्टेज से नीचे उतरकर अपनी बहन को साड़ी देने के लिए आगे बढ़े। तभी मैरिज गार्डन के पंडाल में कुर्सियों पर बेहोश होकर गिर गए।

परिजनों ने उठाने की कोशिश की, जब नहीं उठे तो अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि गिरते ही उनकी मौत हो गई थी। घटना बुधवार रात की कोतवाली थाना क्षेत्र के डेली गांल की है।

मृतक हरिमोहन सेन (62) शंकर सिंह के बगीचा क्षेत्र के रहने वाले थे। उनकी बड़ागांव गेट के बाहर हेयर ड्रेसर की दुकान थी। हरिमोहन के छोटे भाई की पत्नी उर्मिला ने बताया कि उनकी मुंहबोली बहन रामकुमारी रक्सा थाना क्षेत्र के डेली गांव में रहती हैं।बुधवार को उनकी बेटी प्रिंसी की शादी डेली गांव स्थित एसआर रिसॉर्ट एंड मैरिज गार्डन में थी। इसी शादी में शामिल होने के लिए हरिमोहन रात करीब 9 बजे मैरिज गार्डन पहुंचे। उन्होंने स्टेज पर जाकर भांजी प्रिंसी को आशीर्वाद दिया। इसके बाद वह अपनी बहन को साड़ी देने के लिए पंडाल में उन्हें तलाशने लगे। साड़ी उनके हाथ में ही थी। इसी दौरान उन्हें अचानक चक्कर आ गया और वह पंडाल में ही गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।



**कार्डियक अरेस्ट से मौत की आशंका**

पूरे मामले में जिला अस्पताल के अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. प्रमोद कटियार ने बताया- 4 फरवरी की रात एम्बुलेंस एक मरीज को लेकर अस्पताल पहुंची थी। जिसे डॉक्टरों ने ब्रॉड डेड घोषित किया। प्रथम दृष्टया मामला कार्डियक अरेस्ट का लग रहा है। हालांकि, पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण मौत के सटीक कारण की पुष्टि नहीं हो सकी है।

**2 घंटे बाद घरवालों की दी सूचना**

इस दौरान शादी का कार्यक्रम चलता रहा, लेकिन किसी ने तत्काल परिवार को इसकी सूचना नहीं दी। करीब 2 घंटे बाद परिजनों के पास फोन आया कि हरिमोहन जिला अस्पताल में हैं। जब परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि वहां एक अज्ञात शव लाया गया था। बाद में पहचान होने पर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**"पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कार्डियक अरेस्ट से मौत की आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने लिखित रूप में पोस्टमॉर्टम न कराने की सहमति दी, जिसके बाद शव उन्हें सौंप दिया गया।**

# हरित मोबिलिटी से बदलेगा ब्रज का चेहरा

## सुदृढ़ होगा यातायात एवं बेहतर होगी वायु की गुणवत्ता : जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में मथुरा-वृन्दावन को कम उत्सर्जन क्षेत्र (एल0ई0जेड0) बनाने के संबंध में नीति विकास पर हितधारक कार्यशाला का आयोजन हुआ संपन्न**

तमसा संकेत, संवाददाता




मथुरा । जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में मथुरा-वृन्दावन को कम उत्सर्जन क्षेत्र (एल0ई0जेड0) बनाने के संबंध में नीति विकास पर हितधारक कार्यशाला का आयोजन हुआ संपन्न। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि हरित मोबिलिटी से बदलेगा ब्रज का चेहरा, सुदृढ़ होगा यातायात एवं बेहतर होगी वायु की गुणवत्ता। मथुरा-वृन्दावन को कम उत्सर्जन क्षेत्र (एल0ई0जेड0) बनाने के संबंध में नीति विकास पर हितधारक कार्यशाला में वायु गुणवत्ता में सुधार एवं सुदृढ़ यातायात व्यवस्था हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई। मथुरा-वृन्दावन को एक महत्वपूर्ण धरोहर एवं तीर्थ शहर के रूप में किया जाएगा विकसित। जिलाधिकारी ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए अधिकाधिक सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन बनाने की आवश्यकता/जरूरत है, जिससे बाहर से आने वाले पर्यटक, श्रद्धालु एवं दर्शनार्थी अपनी सुविधानुसार/ बिना झिझक के इलेक्ट्रिक वाहनों से मथुरा आए। जगह जगह पर सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित होने से लोग इलेक्ट्रिक वाहनों का ज़्यादा उपयोग करेंगे। ग्रीन मोबिलिटी ज़ोन (जीएमजेड) की शुरुआत को लेकर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि यह योजना केवल यातायात सुधार की नहीं, बल्कि ब्रज की आध्यात्मिक शांति और पर्यावरणीय पवित्रता को लौटाने की दिशा में बड़ा कदम है। कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निगम मथुरा वृन्दावन के अंतर्गत राहगीरी फाउंडेशन द्वारा आयोजित उच्चस्तरीय कार्यशाला में वायु प्रदूषण को कम करने हेतु विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि "श्रद्धालु यहां सुकून और भक्ति की भावना लेकर आते हैं, लेकिन भीड़ और प्रदूषण उनके अनुभव को प्रभावित करता है।

**कार्यशाला में जिला प्रशासन, नगर निगम, पुलिस विभाग और शहरी परिवहन विशेषज्ञों ने मथुरा–वृंदावन को स्वच्छ, सुविधाजनक और जाम-मुक्त बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने कहा कि ट्रैफिक प्रबंधन और सख्त निगरानी से श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि वर्ष 2030 तक 50 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन उपयोग का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए चार्जिंग स्टेशन, ई-बसें और बेहतर सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित की जाएगी।**

**एक संरचित दृष्टिकोण की आवश्यकता**

संवेदनशील क्षेत्रों में वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए एक संरचित दृष्टिकोण की आवश्यकता है। बढ़ते वायु प्रदूषण से लड़ने के लिए स्वच्छ गतिशीलता समाधानों के माध्यम से कम उत्सर्जन क्षेत्र को अपनाने की दिशा में एक स्थायी दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। मथुरा–वृंदावन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुदृढ़ यातायात व्यवस्था तथा बेहतर वायु प्रदान करने हेतु प्रशासन कटिबद्ध है।

# सत्तारूढ़ दल की आड़ में पसमांदा मुस्लिम कर रहा था, गरीब लोगों से लूटखसौट

## तथाकथित भाजपा नेता नदीम राशन कार्ड बनवाने को कर रहा था उगाही

तमसा संकेत, संवाददाता

मुजफ्फरनगर। पुरकाजी निवासी नदीम अहमद ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से पुरकाजी में पात्र लोगों के राशनकार्ड बनवाने तथा पूर्ति विभाग द्वारा राशनकार्ड बनाने में अवैध वसूली किए जाने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई थी।मुख्य-मंत्री पोर्टल पर शिकायत प्राप्त होते ही जिला प्रशासन ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए बिंदुवार जाँच कराई गई, जिसमे जिला पूर्ति अधिकारी मुजफ्फ-रनगर ओम हरि उपाध्याय ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी और खाद्य पूर्ति निरीक्षक की टीम बनाकर प्रकरण की गहनता से जांच के आदेश दिए, जैसे ही जांच टीम पुरकाजी गई तो मामला ही दूसरा निकला। खुद को भाजपा नेता बताने वाले नदीम के खिलाफ पुरकाजी के लोगों ने खुलेआम जाँच टीम को बताया कि वह दलाली करता है,ओर अपने भाई के जनसेवा केंद्र से राशनकार्ड भरवाता है। जिसमें वह दो हजार रुपए राशनकार्ड बनवाने के नाम पर लेता है,रुपए नहीं देने पर राशनकार्डों को अपात्र बताकर मुख्यमंत्री पोर्टल और अन्य बड़े अधिकारियों के यहां झूठी शिकायतें करता है। वह खुद को भाजपा नेता बताकर लखनऊ में बड़े अधिकारियों से अपने सीधे सम्बन्ध बताकर विभागों के अधिकारियों पर दबाव बनाता है। जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरि उपाध्याय ने उच्चाधिकारियों के साथ ही लखनऊ जाँच टीम को नदीम की काली करतूतों की सच्चाई भरी विस्तृत रिपोर्ट भेज दी है।उक्त नेता सपा सांसद और विधायकों को चुनाव लड़वाने वाला पुरकाजी का नदीम ना सिर्फ भाजपा में रहकर खूब दलाली कर रहा है,बल्कि गरीब लोगों और सरकारी विभागों का भी उत्पीड़न कर रहा है। जानकारी के अनुसार पुरकाजी निवासी नदीम गाड़ा पुत्र कय्यूम निवासी मौहल्ला खेड़ा दरवाजा खुद को भाजपा के घटक भारतीय पसमांदा मंच का महामंत्री बताकर आए दिन सरकारी विभागों में लोगों की शिकायतें करता रहता है।नदीम ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जिला पूर्ति विभाग द्वारा पुरकाजी में अपात्र लोगों के राशनकार्ड बनाने और आम जनता से राशनकार्ड बनाने के नाम पर विभाग द्वारा अवैध वसूली की शिकायतें की गई। जिला पूर्ति अधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा बनाई गई कमेटी के सदस्यों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक ने टीम के साथ पुरकाजी कस्बे में जाकर नदीम द्वारा की गई शिकायतों की जमीनी हकीकत जानी तो लोगों ने बताया कि नदीम के भाई का जनसेवा केंद्र है।

**जांच में दलाली और अवैध वसूली का दोषी पाय जाने से मचा हड़कम्प**

## पृष्ठ 01 का शेष...

### यूपी में अब दंगाइयों ...

योगी हरिद्वार के सप्तऋषि आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर पहुंचे थे। इस दौरान स्वामी अवधेशानंद, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से पद्मभूषण ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि महाराज की मूर्ति का अनावरण किया। योगी ने कहा जब नीति सही हो, नीयत साफ हो और फैसलों में मजबूती हो, तो परिणाम अपने आप सामने आ जाते हैं। भारत का उत्पादक से उपभोक्ता बनाने का काम उपनिवेशिक काल में हुआ है। 11 साल पहले भारत की दुनिया की 11वीं अर्थवस्था बना रह गया।

आज नया भारत पीएम मोदी नेतृत्व में तीसरी अर्थवस्था बनकर उभरा है। क्योंकि, हमने अपनी विरासत को समझा। विरासत पर विश्वास किया। आत्मनिर्भरता की इस दिशा में काम हुआ। इसके चलते भारत नई दिशा में आगे बढ़ा। आज का युवा भारत आत्मनिर्भरता के गर्व को महसूस करता है।

देवभूमि उत्तराखंड में आकर संतों-श्रद्धालुओं के दर्शन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस पावन भूमि को कोटि-कोटि नमन करता हूं। पूज्य स्वामी सत्यमित्रानंद जी महाराज का समाधि मंदिर आने वाली पीढ़ियों को संस्कार, साधना और विकास को विरासत के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता रहेगा।

### कमल की मौत ...

हिंदुस्तान में फैली लालच और लापरवाही की महामारी आज फिर एक युवा की जान ले गई। एक बेटा, एक सपना, मां-बाप की पूरी दुनिया, सब कुछ एक झटके में उजाड़ दिया गया। यह हादसा नहीं, हत्या है और हत्यारी है जवाबदेही से भागती सत्ता। असली कातिल सड़क नहीं, गैरजिम्मेदार सत्ता है। क्योंकि यहां न इस्तीफा होता है, न सजा मिलती है, न किसी की अंतरात्मा जागती है। AAP नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि बेशर्म BJP सरकार टैक्स देने वालों का पैसा अपनी पार्टी फंड के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। वे खुलेआम अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के परिवारों को मुआवजा और नौकरियां दे रहे हैं, जबकि सैकड़ों आम लोग मारे गए हैं।

उन्होंने कहा कि यह मेन रोड दिल्ली सरकार के PWD के अंडर आती है, और इसे DJB ने खोदा था। लोकल RWA ने इस खतरे के बारे में अधिकारियों से कई बार शिकायत की थी, लेकिन कौन सुनता है? यह हादसा होना ही था। शिकायतों के बावजूद, इस मौत के जाल को ठीक से बैरिकेड नहीं लगाया गया ताकि लोगों की जान न जाए।

कमल के दोस्त मयंक ने कहा कि कमल से आखिरी बात रात 11.30 बजे हुई थी। उसने कहा था कि वह डिस्ट्रिक्ट सेंटर के पास है और 15 मिनट में घर पहुंच जाएगा। आधे घंटे तक न आने पर परिजन उसे खोजने निकले और जनकपुरी पुलिस स्टेशन भी पहुंचे। पुलिस ने फोन ट्रेस किया लेकिन जो लोकेशन मिली वहां पर कमल नहीं था।

### नारेबाजी के बाद ...

गुरुवार को लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव हंगामे के बीच पास कर दिया गया। लोकसभा में 2004 के बाद पहली बार यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री के भाषण के बिना पास हुआ है। वहीं राज्यसभा में पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद प्रस्ताव पास हुआ था।

राज्यसभा की कार्यवाही को 9 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

राज्यसभा कार्यवाही दोपहर 2 बजे शुरू हुई। सदन में प्राइवेट मेंबर बिल पेश किए जा रहे हैं।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर तंज कसते हुए कहा, जो उचित समझो वही करो। लोकसभा में जहां दो बार सदन शुरू होने के के बावजूद काम नहीं हो पाया। वहीं राज्यसभा 2 घंटे तक चली। फिलहाल इसे 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

स्पीकर ओम बिरला के सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पीएम मोदी से लोकसभा में भाषण न देने के लिए कहने पर, कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कहा- हम विश्वगुरु हैं। हमारे प्रधानमंत्री 56 इंच सीने वाले नेता हैं और पाकिस्तानियों का उनके घर में भी सामना कर सकते हैं। वे ऐसा ड्रामा क्यों कर रहे हैं और ऐसा झूठ क्यों फैला रहे हैं? लोकसभा वह जगह है जहां से उन्हें चुना गया है। वह उसके सदस्यों में से एक हैं। वे सांसदों पर आरोप लगा रहे हैं।

शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने कहा- हमें लोकसभा में आकर अपनी बात रखने के लिए चुना गया है, लेकिन वे (विपक्ष) सदन में चिल्लाते हैं। वे सिर्फ पोस्टर दिखाकर सुर्खियों में रहना चाहते हैं।

लोकसभा 12 बजे शुरू हुई। चेयर पर स्पीकर कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी थे। विपक्ष की नारेबाजी जारी रही। इसके बाद सदन सोमवार 9 फरवरी सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

### निशिकांत बोले- देश...

मैंने देशभर के लोगों से आग्रह किया है कि आपके पास जो किताबें हैं उनकी जानकारी दीजिए, हम वो सब किताबें खरीदेंगे और सब जनता को बताएंगे। वो वन रिसर्च सेंटर होगा।

### शिया मस्जिद में जुमे ...

इस्लामाबाद के पुलिस चीफ ने पूरे शहर में इमरजेंसी घोषित कर दी है। अधिकारियों को आशंका है कि हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अभी तक किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डॉ. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं।

ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती। जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें। इससे पहले भी 11 नवंबर 2025 को इस्लामाबाद के G-11 इलाके में जिला और सत्र न्यायालय के बाहर आत्मघाती धमाका हुआ था। उस धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई थी और 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था।

### स्वतंत्रदेव का ...

इसके बाद मामला बढ़ता देख नसीहत देते भी दिखे। हालांकि तमसा संकेत ऐसे किसी वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता। उधर, मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने भी मीडिया के एक सवाल के जवाब में यह कहते हुए एतराज जताया था कि विधायक सड़क की जगह सर्किट हाउस या बंद कमरे में भी मिल सकते थे। इस पूरे प्रकरण ने विपक्ष को भी सत्ताधारी दल को घेरने का एक मुद्दा दे दिया था। असहज हुई पार्टी तो जारी हुआ नोटिस लगातार हो रही इस बयानबाजी ने भाजपा को भी बेहद असहज कर दिया। चुनावी तैयारियों के साल में सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों के बीच सड़क पर तकरार के मामले ने पार्टी की भी किरकिरी हुई।

### मणिपुर में फिर...

कुछ लोगों ने सड़क के बीच में टायर जला दिए। आदिवासी संगठन जॉइंट फोरम ऑफ सेवन ने कुकी-बहुल चुराचांदपुर में शुक्रवार सुबह 6 से 12 घंटे का बंद बुलाया। वहीं, कुछ संगठनों ने नेमचा किपगेन को मारने वाले को 20 लाख और विधायकों एलएम खाउते, एन सेनाते को मारने वाले को 10-10 लाख रुपए इनाम देने का ऐलान किया है।

कुकी जो काउंसिल (KZC) ने आरोप लगाया कि इन विधायकों ने 13 जनवरी को पारित 'लुंगथू रेजोल्यूशन' का उल्लंघन किया है, जिसमें तय किया गया था कि समुदाय के विधायक तब तक सरकार में शामिल नहीं होंगे, जब तक अलग प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर केंद्र और राज्य से लिखित आश्वासन नहीं मिलता। असम राइफल्स को स्थिति को शांत करने के लिए तैनात किया गया था, लेकिन शुरुआती प्रयासों में बहुत कम सफलता मिली।

# बेंगलुरु ने दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग जीता

## दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी, मंधाना ने 87, जॉर्जिया ने 79 रन बनाए

मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) जीत लिया है। टीम ने गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स (DC) को 6 विकेट से हराया। बेंगलुरु 2024 में पहली बार चैंपियन बनी थी। जबकि दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी है।

वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में बेंगलुरु ने 2 गेंद रहते ही 204 रन का टारगेट चेज कर लिया। यह WPL फाइनल का का सबसे बड़ा रन चेज है। कप्तान स्मृति मंधाना ने 87 रन की पारी खेली। जबकि जॉर्जिया वोल ने 79 रन बनाए। दोनों ने 92 बॉल पर 165 रन की साझेदारी की।

आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे। राधा यादव और नदीन डी क्लर्क ने शुरुआती दो गेंद पर 2 सिंगल लिए। राधा ने तीसरी गेंद पर चौका लगाया। चौथी गेंद उन्होंने कवर्स की दिशा में खेली, लेकिन उनका बैट स्टंप से टकरा गया। गेंद बाउंड्री के बाहर चली गई, लेकिन गिल्लियां नहीं गिरीं। इस तरह RCB ने दूसरा टाइटल जीत लिया।


ट्रॉफी के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम। (फोटो- BCCI)

### मंधाना 87 रन बनाकर आउट, मैच फंसा

18वें ओवर की चौथी बॉल पर कप्तान स्मृति मंधाना 87 रन बनाकर आउट हो गई हैं। अब मैच रोमांचक होता जा रहा है। यहां से बेंगलुरु को 8 बॉल पर 13 रन चाहिए हैं। स्मृति को शिनेल हेनरी ने बोल्ड कर दिया।

### दिल्ली के काम न आई रॉड्रिग्ज की फिफ्टी

दिल्ली से कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्ज ने 37 बॉल पर 57 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके शामिल रहे। उनके अलावा, लौरा वोल्वार्ट 44 और शिनेल हेनरी 35 रन बनाकर नाबाद रहीं। लिजेल ली ने 37 और शेफाली वर्मा ने 20 रन बनाए। इन पारियों के दम पर दिल्ली ने WPL फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, लेकिन टीम जीत नहीं हासिल कर सकी।

18वें ओवर में बेंगलुरु ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां ऋचा घोष 6 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें नंदनी शर्मा ने मिन्नू मणि के हाथों कैच कराया।

धीमी शुरुआत के बाद बेंगलुरु की बैटर्स ने तेजी से रन बनाए। कप्तान स्मृति मंधाना और जॉर्जिया वोल ने फिफ्टी बनाने के बाद सेंचुरी पार्टनरशिप भी कर ली। दोनों ने 15 ओवर में टीम का स्कोर 162 रन तक पहुंचा दिया। 5 ओवर में बेंगलुरु को 42 रन की जरूरत बची।

बेंगलुरु से नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरीं जॉर्जिया वोल ने 11वें ओवर में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। अगले ही ओवर में कप्तान स्मृति मंधाना ने भी 23 गेंद पर फिफ्टी लगा दी।

> आखिरी ओवर में बेंगलुरु को 3 बॉल 4 रन चाहिए थे। राधा यादव ने कवर्स की दिशा में शॉर्ट खेला, लेकिन उनका बैट स्टंप से टकरा गया। लेकिन गिल्लियां नहीं गिरीं। इधर, गेंद बाउंड्री के बाहर चली गई। इसी के साथ आरसीबी ने दूसरा टाइटल जीत लिया है।

### शतकीय साझेदारी टूटी, जॉर्जिया वोल कैच आउट

17वें ओवर की तीसरी बॉल पर बेंगलुरु ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां जॉर्जिया वोल 79 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें मिन्नू मणि ने शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। इसी के साथ शतकीय साझेदारी टूट गई।


जीत के बाद राधा यादव और नदीन डी क्लर्क।

# एससी ने अनुराग ठाकुर पर 9 साल पुराना बैन हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने BCCI के पूर्व प्रेसिडेंट अनुराग ठाकुर से लाइफ टाइम बैन हटा दिया है। कोर्ट ने गुरुवार को अपने 9 साल पुराने फैसले को बदला है। उसमें ठाकुर को बोर्ड से दूर रहने को कहा गया था।अब वे भारतीय क्रिकेट के संचालन में बोर्ड के कामकाज में शामिल हो सकेंगे। कोर्ट ने कहा कि उन पर जिंदगी भर का प्रतिबंध लगाना न तो सही था और न ही इसका कोई इरादा था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा- 'यह आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करने का सही मामला है।' बेंच ने यह भी साफ कर दिया कि अनुराग ठाकुर पहले ही बिना शर्त माफी मांग चुके हैं, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

साल 2017 में लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों को लागू न करने की वजह से अनुराग ठाकुर को पद से हटाया गया था। लोढ़ा कमेटी के नियमों में आयु सीमा और सरकारी पद जैसे कई कड़े प्रावधान शामिल थे। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2 जनवरी, 2017 के फैसले के निर्देश 3 और 4 पहले ही वापस ले लिए गए थे। मौजूदा आवेदन केवल उन पर लगाए गए प्रतिबंध से संबंधित था। अनुराग ठाकुर के वकील ने कहा कि यह प्रतिबंध लगभग 9 साल से लागू था और इसे जारी रखने से गंभीर कठिनाई होगी। 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने अनुराग ठाकुर को नोटिस जारी कर उनसे पूछा था कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों शुरू नहीं की जानी चाहिए। कोर्ट ने उनसे लोढ़ा कमेटी की सिफारिशों को लागू करने से बचने के लिए ICC से एक लेटर के जरिए दखल मांगने के संबंध में उन पर लगाए गए झूठी गवाही के आरोपों पर जवाब देने को कहा था।




# मेरठ रेलवे स्टेशन पर दिखेगी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की झलक : अश्विनी

## सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी के सुझावों और नए डिजाइन के आधार पर चल रहा है कार्य

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज राज्यसभा में मेरठ की ऐतिहासिक विरासत और वहां के रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मेरठ का इतिहास हमारे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) से गहराई से जुड़ा हुआ है और सरकार की यह प्राथमिकता है कि रेलवे स्टेशन का स्वरूप इस गौरवशाली इतिहास को प्रतिबिंबित करे। इतिहास और आधुनिकता का संगम सदन को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने बताया कि मेरठ का इतिहास जितना भव्य है, उसी के अनुरूप स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ₹मेरठ इतिहास में एक विशेष स्थान रखता है। जिस तरह का मेरठ का गौरवशाली इतिहास है, उसके हिसाब से ही वहां के स्टेशनों को विकसित किया जा रहा है। सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी की पहल की सराहना श्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा सांसद श्री लक्ष्मीकांत वाजपेयी के प्रयासों की विशेष प्रशंसा की। रेल मंत्री ने बताया कि उन्होंने स्वयं सांसद महोदय से व्यक्तिगत अनुरोध किया था कि वे मेरठ के वरिष्ठ नागरिकों और प्रबुद्ध जनों के साथ चर्चा करें, ताकि स्टेशन के डिजाइन में स्वतंत्रता आंदोलन की वास्तविक झलक को समाहित किया जा सके।



> केंद्रीय रेल मंत्री ने राज्यसभा में मेरठ के ऐतिहासिक महत्व और स्टेशन पुनर्विकास पर दी जानकारी

### सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण

इस नई पहल के तहत मेरठ रेलवे स्टेशन न केवल आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, बल्कि यह आने वाले यात्रियों और युवा पीढ़ी के लिए 1857 की क्रांति और मेरठ के स्वतंत्रता सेनानियों की कहानियों को जीवंत करने वाला एक माध्यम भी बनेगा।

मंत्री जी ने कहा, मैं माननीय सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस दिशा में बहुत ही सकारात्मक पहल की।

## ऑस्ट्रेलिया ने रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया, 11 फरवरी को पहला मैच खेलेगी टीम

# हेजलवुड चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर

नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। वे हमस्ट्रिंग इंजरी से अब तक पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इसकी पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया है कि हेजलवुड की जगह फिलहाल टीम में किसी भी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया जाएगा।

टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से होगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना पहला मुकाबला 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ आर प्रेमादासा क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी।

ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर टोनी डोडेमाइड ने कहा,हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर-8 स्टेज तक मैच फिट हो जाएंगे, लेकिन उनकी वापसी में अभी और समय लगेगा। उनकी रिकवरी प्रोसेस को तेज करना बहुत बड़ा जोखिम होगा। स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन, ऑलराउंडर कूपर कोनोली और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप टीम में मौका मिला है। कूपर कोनोली का चयन चौंकाने वाला रहा, क्योंकि उन्होंने पिछले 12 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में हिस्सा नहीं लिया था। टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोयनिस अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं। ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन जैसे अनुभवी ऑलराउंडर शामिल हैं। गेंदबाजी की जिम्मेदारी जोश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट और बेन ड्वारिशिस जैसे गेंदबाजों पर है। एडम जम्पा और नाथन एलिस भी बॉलिंग लाइनअप का हिस्सा हैं।





### 11 फरवरी को पहला मैच खेलेगी टीम

ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में शामिल है, जहां उसके साथ श्रीलंका, जिम्बाब्वे, ओमान और आयरलैंड की टीमें हैं। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम का पहला मुकाबला 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ आर प्रेमादासा क्रिकेट स्टेडियम में है।

अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया सबसे मजबूत टीम है, लेकिन उसे श्रीलंका और आयरलैंड से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया का श्रीलंका के साथ 16 फरवरी को मुकाबला होगा। टीम अपना आखिरी लीग मैच 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ खेलेगी। उससे पहले उसे 13 फरवरी को जिम्बाब्वे से भी भिड़ना है।

## मनोरंजन

# 'गोविंदा ने करोड़ों के ऑफर ठुकराए'

## एक्टर के पैसों की तंगी होने के दावे पर मैनेजर ने किया रिएक्ट



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर गोविंदा के दिवालिया होने की खबरों पर उनके मैनेजर शशि सिन्हा ने रिएक्ट किया है। हाल ही में कॉलेज और प्राइवेट इवेंट्स में परफॉर्म करने और साधारण कार में नजर आने के बाद ये चर्चाएं उठीं। मैनेजर ने बताया कि गोविंदा की आर्थिक स्थिति ठीक है।

पिछले काफी समय से गोविंदा को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। हाल ही में गोविंदा को कुछ प्राइवेट इवेंट्स और एक कॉलेज फंक्शन में डांस करते देखा गया, जिसके बाद यह कहा जाने लगा कि वह पैसों की तंगी के चलते ऐसे कार्यक्रमों में परफॉर्म कर रहे हैं। वहीं, हाल ही में गोविंदा का यूपी में एक साधारण टैक्सी में सफर करते वीडियो भी वायरल हुआ, जिसे कुछ लोगों ने उनके "डाउनफाल" से जोड़ दिया। इन खबरों पर गोविंदा के मैनेजर शशि सिन्हा ने प्रतिक्रिया देते हुए ANI से कहा, " जो सरकार का एयरपोर्ट जोन होता है, जहां आर्म्स, एम्युनिशन और सरकारी इंतजाम होते हैं, वहां प्राइवेट गाड़ियां अलाउड नहीं होतीं। क्या आपने कभी गौर से देखा है कि वहां 'भारत सरकार' लिखा होता है? क्या भारत सरकार की गाड़ी किसी आम आदमी को ऐसे ही मिल जाती है? एयरपोर्ट पर उस समय भारत सरकार की गाड़ी अलाउड थी, इसलिए वही इस्तेमाल की गई। गोविंदा के पास एक नहीं, बल्कि कई गाड़ियां हैं। शशि सिन्हा ने कहा कि गोविंदा भले ही पिछले कई सालों से किसी फिल्म में नजर नहीं आए हों, लेकिन उनकी डिमांड आज भी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि गोविंदा सिर्फ इवेंट्स और डांस परफॉर्मेंस के लिए ही नहीं, बल्कि फिल्मों के लिए भी लगातार ऑफर पा रहे हैं। सिन्हा ने कहा, "मैं खुद इसका गवाह हूं कि उन्होंने करोड़ों रुपए के ऑफर ठुकराए हैं।


शशी सिन्हा पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से सुपरस्टार गोविंदा के मैनेजर के रूप में काम कर रहे हैं।

## मनोज बाजपेयी बोले लोगों की भावनाओं का सम्मान करता हूं

# फिल्म 'घूसखोर पंडत' का टीजर हटाया गया

नई दिल्ली। फिल्म 'घूसखोर पंडत' रिलीज से पहले ही विवादों में घिर गई है। फिल्म के टाइटल को लेकर ब्राह्मण समाज ने आपत्ति जताई है। वहीं, बढ़ते विरोध के बीच शुक्रवार को फिल्म के प्रोड्यूसर नीरज पांडे ने आधिकारिक बयान जारी कर फिल्म को पूरी तरह काल्पनिक बताया है।

साथ ही फिल्म का टीजर और उससे जुड़ा सभी प्रमोशनल कंटेंट नेटफ्लिक्स इंडिया के सोशल मीडिया अकाउंट्स और यूट्यूब से हटा दिया गया। फिल्म को लेकर नीरज पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, हमारी फिल्म एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है और इसमें 'पंडत' शब्द का इस्तेमाल सिर्फ एक काल्पनिक किरदार के लिए आम बोलचाल के नाम के तौर पर किया गया है। इस कहानी का फोकस एक व्यक्ति के काम और उसके फैसलों पर है। इसका किसी भी जाति, धर्म या समुदाय से कोई संबंध नहीं है और न ही यह किसी का प्रतिनिधित्व करती है। आगे उन्होंने लिखा,एक फिल्ममेकर के तौर पर मैं अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेता हूं और ऐसी कहानियां कहना चाहता हूं जो सोच-समझकर और सम्मान के साथ बनाई जाएं। यह फिल्म भी मेरे पिछले कामों की तरह ईमानदार नीयत से और सिर्फ दर्शकों के मनोरंजन के लिए बनाई गई है। उन्होंने यह भी लिखा,हम समझते हैं कि फिल्म के टाइटल से कुछ लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और हम उन भावनाओं का सम्मान करते हैं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए हमने फिलहाल फिल्म से जुड़ा सारा प्रमोशनल मटीरियल हटाने का फैसला किया है। हमारा मानना है कि फिल्म को पूरी तरह देखकर और उसकी कहानी के संदर्भ में समझा जाना चाहिए, न कि सिर्फ कुछ झलकियों के आधार पर उसे आंका जाए।



# एक्टर राजपाल यादव ने किया सरेंडर



> चेक बाउंस केस में दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के बाद किया आत्मसमर्पण

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव ने दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के बाद गुरुवार को जेल में सरेंडर कर दिया। यह मामला चेक बाउंस से जुड़ा है, जिसमें हाल में दिल्ली हाई कोर्ट ने राजपाल यादव को निर्देश दिया था कि वे 4 फरवरी 2026 को संबंधित जेल अधीक्षक के सामने पेश हों।

इंडिया टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, सरेंडर करने के बाद राजपाल एक बार फिर व्यक्तिगत रूप से दिल्ली हाई कोर्ट में पेश हुए और राहत की मांग की। उन्होंने कोर्ट को बताया कि वे 25 लाख रुपए का चेक लेकर आए हैं और बाकी रकम भी चुकाने का भरोसा दिया। उन्होंने इसी आधार पर राहत देने की मांग की। हालांकि, कोर्ट ने साफ कहा कि किसी भी राहत पर विचार करने से पहले सरेंडर जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि सरेंडर के बाद ही यह देखा जाएगा कि कोई राहत दी जा सकती है या नहीं। हाई कोर्ट ने यह भी साफ किया कि पहले जो राहत दी गई थी, वह बार-बार दिए गए आश्वासनों के आधार पर थी कि विवाद को आपसी सहमति से सुलझाया जाएगा और शिकायतकर्ता कंपनी को भुगतान किया जाएगा, लेकिन कोर्ट ने पाया कि कई मौके मिलने के बावजूद ये वादे पूरे नहीं किए गए। कोर्ट के अनुसार, अब भी करीब 9 करोड़ रुपए बकाया हैं।



## इंस्टाग्राम पर इन्फ्लुएंसर ने एक्ट्रेस को टैग कर लिखा- मुझे मेरा प्यार मिल गया


# एल्विश यादव और जिया शंकर ने कर ली सगाई?

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव और एक्ट्रेस जिया शंकर की सगाई की चर्चा हो रही है। यह अटकलें गुरुवार को एल्विश की एक क्रिप्टिक इंस्टाग्राम स्टोरी के बाद शुरू हुईं, जिसमें उन्होंने जिया को एक डायमंड रिंग के साथ टैग किया गया था। दरअसल, एल्विश ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक क्लोज-अप फोटो शेयर की, जिसमें वह एक महिला का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में महिला की उंगली में डायमंड रिंग साफ दिखाई दे रही थी।

कैप्शन में एल्विश ने लिखा, "मैंने प्यार को एक और मौका दिया और मुझे अपना प्यार मिल गया," और इसके साथ उन्होंने जिया शंकर को टैग किया। इस स्टोरी को जिया शंकर ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रीशेयर किया और एक हार्ट इमोजी एड किया। हालांकि, न तो एल्विश और न ही जिया की ओर से अब तक किसी भी तरह की आधिकारिक पुष्टि की गई है। दोनों ने सार्वजनिक रूप से यह नहीं कहा है कि वे किसी रिश्ते में हैं या सगाई कर चुके हैं। गौरतलब है कि जिया शंकर का नाम इससे पहले अभिषेक मल्हान के साथ जुड़ा था, लेकिन पिछले साल दोनों की टीम ने सगाई की अफवाहों को खारिज कर दिया था। जिया ने तब कहा था कि वह अपने काम पर फोकस कर रही हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो जिया मराठी फिल्म वेद में अपनी परफॉर्मेंस के लिए चर्चा में थीं और उन्होंने कलर्स टीवी के सुपरनैचुरल शो पिशाचिनी में लीड रोल निभाया था। उन्होंने बिग बॉस OTT 2 में भी हिस्सा लिया था, जिसके पार्ट एल्विश यादव भी थे।

### आने वाले प्रोजेक्ट से जुड़ा प्रमोशनल स्टंट?

वहीं, रिपोर्ट के मुताबिक, यह किसी आने वाले प्रोजेक्ट से जुड़ा प्रमोशनल स्टंट भी हो सकता है, क्योंकि सेलिब्रिटी और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अक्सर ऐसे हिंट देकर चर्चा और उत्सुकता पैदा करते हैं।



## पाकिस्तानी पीएम बोले- कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़े, यह इलाका पाक की लाइफ लाइन है


# 'कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा'

**बयान**

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को PoK में कश्मीर को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। मुजफ्फराबाद में विधानसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा।'

शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा, 'मैं



शहबाज ने गुरुवार को मुजफ्फराबाद के विधानसभा में धमकी भरा बयान दिया।

पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था।

शहबाज ने सभा में कहा कि कश्मीर की लड़ाई फिलिस्तीन की तरह है। उन्होंने दोनों मुद्दों को न्याय और आत्म-निर्णय की लड़ाई बताया। पाकिस्तानी PM ने अलगाववादी और उग्रवादी आंदोलनों से जुड़े कई लोगों का भी जिक्र किया।

### शहबाज बोले- हम शांति चाहते, यह न्याय के आधार पर संभव

शहबाज ने यह भी कहा कि पाकिस्तान क्षेत्र में शांति चाहता है, लेकिन यह शांति बराबरी और न्याय के आधार पर ही संभव है। हर साल की तरह इस साल भी 5 फरवरी को पाकिस्तान में कश्मीर एकजुटता दिवस (कश्मीर सॉलिडैरिटी डे) मनाया गया। इसमें रैलियां, प्रदर्शन और सेमिनार आयोजित किए गए। स्टेट रन रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि संघर्ष में जान गंवाने वालों की याद में सुबह 10 बजे एक मिनट का मौन रखा गया। लोग बैनर और प्लेकार्ड लेकर आए थे।

भारत ने पाकिस्तान के दावों को लगातार खारिज किया है। नई दिल्ली का साफ कहना है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे।




जमात-ए-इस्लामी की महिला विंग ने भी बैनर लेकर रैलियां निकाली।

### शहबाज बोले- कश्मीर का मुद्दा हमारी फॉरेन पॉलिसी की नींव है

शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फॉरेन पॉलिसी का आधार है। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई 2025 में हुए चार दिवसीय सैन्य संघर्ष को भी याद किया। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष के बाद कश्मीर मुद्दा एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूरी ताकत के साथ उठाया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारत अब प्रॉक्सी के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाकिस्तान मिलिटेंट ग्रुप बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को भारत का समर्थन मिलने का दावा करता है, जबकि भारत ऐसे आरोपों को हमेशा खारिज करता रहा है।

## पाकिस्तान में सड़क किनारे लगी स्क्रीन पर चलाए गए अश्लील वीडियो

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के कराची से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शहर के डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी (डीएचए) में सड़क किनारे विज्ञापन के लिए लगी डिजिटल स्क्रीन पर अश्लील वीडियो चला दिए गए। जब मामले को लेकर लोगों को गुस्सा भड़का तो पुलिस ने संदिग्धों के खिलाफ केस दर्ज किया। मामले में एक को गिरफ्तार भी किया गया है।

पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, कराची के साउथ डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल सैयद असद रजा ने इस बात की पुष्टि की है। अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर डीएचए की दूसरी मुख्य सड़कों के साथ-साथ शाहराह-ए-फैसल और कारसाज रोड पर लगी डिजिटल स्क्रीन को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था। असद रजा ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने एक कंपनी के कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। उसने बताया, उसके मोबाइल फोन



में पहले से मौजूद एक दूसरा वीडियो गलती से स्क्रीन पर चल गया था। रजा ने आगे कहा, संदिग्ध ने जांचकर्ताओं को यह भी बताया कि कंपनी द्वारा विज्ञापन के मकसद से भेजे गए असली वीडियो उसके मोबाइल फोन में सेव थे। उन्होंने आगे कहा कि गिरफ्तार संदिग्ध से पूछताछ जारी है। यह मामला कंपनी के लीगल एडवाइजर शाकिर अली की शिकायत पर गिजरी पुलिस स्टेशन में पाकिस्तान पीनल कोड की धारा 292 (अश्लील किताबें बेचना) के तहत दर्ज किया गया था। शिकायत में कहा गया था कि खयाबान-ए-इत्तेहाद पर आयशा मंजिल सिग्नल के पास एक खंभे पर लगी डिजिटल स्क्रीन पर एक गलत वीडियो दिखाया गया था।

**फास्ट न्यूज**

### रूस के टॉप इंटेलिजेंस अफसर पर हमला

नई दिल्ली। रूस की सेना के एक बड़े जनरल पर मॉस्को में कई गोलियां चलाई गईं, जिसके बाद वह घायल हो गए। रूस की मिलिट्री इंटेलिजेंस GRU के डिप्टी हेड व्लादिमीर अलेक्सेयेव को शहर के उत्तर-पश्चिमी बाहरी इलाके में एक रिहायशी इमारत में हुए हमले के बाद तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एलेक्सेयेव पिछले लगभग चार सालों में यूक्रेन पर पूरे पैमाने पर हमले की शुरुआत के बाद से राजधानी में टारगेट किए जाने वाले लेटेस्ट सीनियर मिलिट्री अधिकारी हैं।

### कपड़े उतारे फिर सिर के बल खौलते तेल में कूदा

नई दिल्ली। अमेरिका से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई, जहां एक युवक ने डीप फ्रायर में कूदकर आत्महत्या कर ली। ये घटना 30 जनवरी की है। यह युवक पेंसिल्वेनिया के विलियम्सपोर्ट में एक ऑलिव गार्डन रेस्टोरेंट में कुक के तौर पर करता था। ट्रूपर लॉरेन लेसर ने कहा, 'यह घटना आत्महत्या का प्रयास थी और व्यक्ति और उसके परिवार के सम्मान में जानकारी साझा नहीं की गई है।' कुक खौलते तेल में सिर के बल कूद गया, जिसके बाद उसका शरीर बुरी तरह जल गया और उसे जानलेवा चोटें आईं। कुक को गंभीर रूप से घायल हो जाने के बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां चोटों की वजह से उसकी मौत हो गई।

### अमेरिका की 'सबसे खूंखार अपराधियों' की लिस्ट में 89 भारतीय

नई दिल्ली। भारतीय मूल के 89 लोग अमेरिका की सबसे खतरनाक अपराधियों की लिस्ट में हैं। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (DHS) द्वारा लॉन्च किए गए डेटाबेस में लगभग 25,000 आपराधिक अवैध विदेशियों की लिस्ट है, जिनमें हत्यारे, यौन अपराधी और ड्रग तस्कर शामिल हैं।

## चांदी दो दिन में 41 हजार सस्ती कीमत 2.41 लाख/किलो

### सोना 1000 कम होकर 1.51 लाख पर आया

नई दिल्ली, एजेंसी



सोने-चांदी के दाम में आज यानी 6 फरवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत आज 13,155 रुपए गिरकर 2,41,184 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,54,339 रुपए थी। दो दिन में ये 41,278 रुपए सस्ती हो चुकी है।

वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 1,013 रुपए कम होकर 1,51,489 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,52,502 रुपए पर था। सोना दो दिन में 6,669 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

इससे पहले 29 जनवरी से 2 फरवरी के बीच चांदी की कीमत 1.60 लाख रुपए कम हुई थी। वहीं, सोने की कीमत में 26 हजार रुपए कम हुई थी। वायदा कारोबार (MCX) पर चांदी 4 लाख रुपए से घटकर 2.41 रुपए प्रति किलो पर आ गई थी। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1.70 लाख से गिरकर 1.40 लाख पर आ गया था। हालांकि फिर दोनों के दाम में तेजी रही थी।

**प्रॉफिट बुकिंग:** सोने-चांदी की कीमत हाल के दिनों में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी, जिसके बाद निवेशकों ने बड़े पैमाने पर प्रॉफिट बुक किया।

**फिजिकल डिमांड में कमी:** ऑल टाइम हाई के बाद फिजिकल डिमांड कमजोर हुई, साथ ही औद्योगिक उपयोग को लेकर चिंताएं भी बढ़ीं।

## वर्चुअल एंबेसी बोली- मदद का इंतजार न करें, खुद निकलें, ओमान में परमाणु मुद्दे पर आज बातचीत

# अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी

वॉशिंगटन डीसी/तेहरान, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सख्त चेतावनी दी है। वर्चुअल अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि देश में सुरक्षा की स्थिति बेहद खराब हो गई है। बढ़ती अशांति, पाबंदियों और यात्रा में रुकावटें लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं।

एम्बेसी ने साफ कहा है कि जल्द से जल्द ईरान छोड़ दें। अपने निकलने का प्लान खुद बनाएं और इसमें अमेरिकी सरकार की मदद पर भरोसा न करें। मौजूदा हालात में आधिकारिक सहायता बेहद सीमित है। ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और अशांति के कारण सुरक्षा व्यवस्था सख्त हो गई है। सड़कें बंद हैं, सार्वजनिक परिवहन ठप है,




इंटरनेट और मोबाइल-लैंडलाइन सेवाएं बार-बार बाधित हो रही हैं। कई एयरलाइंस ने ईरान आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, जिससे बाहर निकलना और भी मुश्किल हो गया है।

इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता आज ओमान की राजधानी मस्कट में शुरू हो रही है। यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी। अमेरिकी सरकार ने साफ किया है कि ईरान में

### दूतावास ने दोहरी नागरिकता वाले लोगों के लिए ज्यादा खतरा बताया

अमेरिकी चेतावनी में कहा गया है कि अगर तुरंत निकलना संभव न हो तो सुरक्षित जगह पर रहें। वहां खाना, पानी, दवाइयां और जरूरी सामान का स्टॉक रखें। इंटरनेट ब्लैकआउट जारी रहने की संभावना है, इसलिए परिवार और दोस्तों से संपर्क के लिए दूसरे तरीके सोचें।

US एम्बेसी ने अमेरिका-ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले लोगों के लिए ज्यादा खतरा बताया है। ईरान दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देता, इसलिए ऐसे लोग ईरानी पासपोर्ट से ही बाहर निकल सकते हैं।

अमेरिकी पासपोर्ट दिखाना या अमेरिका से जुड़ाव जाहिर करना ईरानी अधिकारियों के लिए हिरासत में लेने का कारण बन सकता है। ऐसे में पूछताछ, गिरफ्तारी या लंबी हिरासत का खतरा है। जो अमेरिकी नागरिक बिना वैध अमेरिकी पासपोर्ट के हैं, उन्हें ईरान छोड़ने के बाद नजदीकी अमेरिकी दूतावास से पासपोर्ट बनवाने की सलाह दी गई है।

कूटनीतिक और कांसुलर संबंध न होने की वजह से वह अपने नागरिकों की मदद करने की स्थिति में नहीं है। अमेरिका के हितों का प्रतिनिधित्व तेहरान में स्विट्जरलैंड दूतावास करता है।

### व्हाइट हाउस बोला- बातचीत नाकाम हुई तो ताकत का इस्तेमाल करेंगे

हाई-लेवल वार्ता से पहले व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कूटनीति के पक्ष में हैं, लेकिन अगर बातचीत नाकाम होती है तो ताकत का इस्तेमाल करने के लिए भी तैयार हैं।


व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि ट्रम्प ओमान में होने वाली बातचीत में देखना चाहते हैं कि क्या कोई समझौता हो सकता है। साथ ही उन्होंने ट्रम्प की मांग दोहराई कि ईरान के पास जीरो परमाणु क्षमता होनी चाहिए।

## यौन संबंधों के दौरान महिलाओं का गला घोंटा, शव फार्म हाउस में दफनाते थे

# एपस्टीन की नई फाइलों में दावा कि लड़कियों को जबरन प्रेग्नेंट कराया

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामलों में एक बार फिर गंभीर और चौंकाने वाले आरोप सामने आए हैं। अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने हाल ही में नई फाइलें जारी कीं, जिनमें नाबालिग लड़कियों और महिलाओं से दरिंदगी का खुलासा हुआ है। एक फाइल के अनुसार, दो विदेशी महिलाओं की मौत यौन संबंधों के दौरान गला घोंटे जाने से हुई थी। बाद में एपस्टीन के एक कर्मचारी ने इन्हें न्यू मैक्सिको स्थित फार्म हाउस 'जोरो रैंच' में दफना दिया। इसमें एपस्टीन की करीबी सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल भी शामिल थी। एक अन्य फाइल के अनुसार, एक नाबालिग लड़की ने खुद को 'ह्यूमन इन्क्यूबेटर',



यानी अंडे सहेजने वाली मानव मशीन की तरह इस्तेमाल करने का दावा किया है। ईमेल के अनुसार, जोरो रैंच में लड़कियों को लंबे समय तक बंद रखा गया और उनसे जबरन गर्भधारण कराया गया। बच्चे पैदा कराए गए और जन्म के बाद ये बच्चे गायब हो गए। एक महिला ने आत्महत्या की कोशिश भी की थी। नई फाइलों में यह बात भी सामने आई है कि एपस्टीन से जुड़े कुछ सौदे पारंपरिक बैंकिंग सिस्टम के बजाय बिटकॉइन जैसे क्रिप्टोकरेंसी माध्यमों से किए जाते थे।

### यौन अपराधी फिल्म-शॉपिंग का लालच देकर नाबालिगों से दोस्ती करते थे

जस्टिस डिपार्टमेंट के जारी किए गए दस्तावेज के मुताबिक एपस्टीन की साथी और गर्लफ्रेंड गिस्लेन मैक्सवेल ने 1994 से 1997 तक कई नाबालिग लड़कियों को यौन शोषण के लिए लुभाया और तैयार किया। मैक्सवेल ने अलग-अलग तरीकों से पीड़ितों को एपस्टीन के जाल में फंसाया। सबसे पहले, उन्होंने कुछ नाबालिग लड़कियों से दोस्ती करने की कोशिश की, उनके जीवन, स्कूल और परिवार के बारे में पूछा।

### फाइलों से नहीं हटे पीड़ितों के नाम-तस्वीरें, न्याय विभाग ने गलती मानी

इस मामले से जुड़ी जांच फाइलों में न्याय विभाग की ओर से लापरवाही ठीक करने के दावों के बावजूद कई पीड़ितों की जानकारी और तस्वीरें अब भी सार्वजनिक हैं। ऐसी फाइलों में पीड़ितों की पहचान काले निशान लगाकर छिपाई जाती है।

नाबालिग पीड़ितों की तस्वीरें और फोन नंबर भी सामने आ गए। विभाग ने गलती मान ली है। फाइलों में रेडियो होस्ट और लेखक ब्रायन विशप की एपस्टीन से ईमेल के जरिए हुई बातचीत का भी जिक्र है। इन ईमेल्स में विशप ने एक ऐसे रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए फंडिंग मांगी थी, जिसे उन्होंने क्लोनिंग के करीब बताया।

एपस्टीन ने जवाब में निवेश को लेकर सहमति जताई थी, लेकिन परियोजना का चेहरा बनने से इनकार किया था। 30 जून 2014 के एक अन्य ईमेल में एक अज्ञात व्यक्ति की ओर से एपस्टीन को किसी को मारने की अनुमति देने जैसी बात लिखी गई है। हालांकि, ईमेल में इस पर एपस्टीन का जवाब स्पष्ट नहीं है।

## फर्जी बैनामे का आरोप पीड़ित ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

### उपनिबंधक कार्यालय पर मिलीभगत का दावा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के नरियांव निवासी सूर्य प्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जमीन के फर्जी बैनामे का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आलापुर उपनिबंधक कार्यालय की कथित मिलीभगत से उनकी जमीन का जालसाजीपूर्ण तरीके से बैनामा कर दिया गया।

शिकायतकर्ता के अनुसार, जिस जमीन का बैनामा किया गया, उसकी खतौनी में उनका नाम दर्ज नहीं था। इसके बावजूद कूट रचित विलेख तैयार कर बिना किसी प्रतिफल के जमीन का विक्रय दिखा दिया गया। मामला मौजा गनपतपुर, परगना बिड़हर, तहसील आलापुर से जुड़ा है। संबंधित खाता संख्या 335, फसली वर्ष 1429 से 1434 की गाटा संख्या 240, रकबा 0.351 बताई गई है। सूर्य प्रकाश सिंह ने पत्र में बताया कि जमीन से संबंधित




वरासत और वसीयत का विवाद विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन है। इस प्रकरण में न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश भी पारित किया गया है। इसके बावजूद 24 जनवरी 2026 को कथित रूप से फर्जी और जालसाजीपूर्ण तरीके से विक्रय पत्र तैयार कर लिया गया।

शिकायत के अनुसार, इस विक्रय पत्र में क्रेता के रूप में प्रमोद कुमार निवासी मंसूरगंज, विक्रेता के रूप में वंदना पत्नी प्रदीप, गवाह के तौर पर सीमा पत्नी अजय जायसवाल निवासी नरियांव और प्रदीप पुत्र चंद्रशेखर निवासी ककरहा शामिल बताए गए हैं। बैनामा लेखक का नाम विंध्याचल दुबे बताया गया है।

**फैसला:** आरबीआई ने ब्याज दर 5.25% पर बरकरार रखी, 2025 में चार बार में 1.25% की कटौती

# रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन महंगा नहीं होगा

मुंबई, एजेंसी

इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया गया है। इसे 5.25% पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी EMI भी नहीं बढ़ेगी। RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज 6 फरवरी को मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी, RBI ने दिसंबर में ब्याज दर 0.25% घटाकर 5.25% की थीं। RBI जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। जब RBI रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं।

रिजर्व बैंक ने एक नया फ्रेमवर्क लाने का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत छोटे अमाउंट वाले फ्रॉड




RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। ये मीटिंग 4 फरवरी को शुरू हुई थी।

ट्रांजैक्शन में नुकसान झेलने वाले ग्राहकों को 25 हजार तक का मुआवजा दिया जाएगा।

गवर्नर मल्होत्रा ने कहा- आप सभी जानते हैं कि हाल के दिनों में कई धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन हुए हैं, जिन्हें रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने कई कदम उठाए हैं। इसी सिलसिले में हम डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा

### 2025 में चार बार में 1.25% की कटौती

फरवरी 2025 में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया था।

मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई थी।

दूसरी बार अप्रैल में हुई मीटिंग में भी ब्याज दर 0.25% घटाई गई।

जून में तीसरी बार आरबीआई ने दरों में 0.50% कटौती की थी।

दिसंबर में 0.25% की कटौती के बाद ब्याज दरें 5.25% पर आ गई थी।

### आरबीआई ने महंगाई अनुमान बढ़ाया

RBI के मुताबिक महंगाई को लेकर स्थिति फिलहाल राहत भरी है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्त वर्ष 2026 के लिए रिटेल महंगाई दर के अनुमान को 2% से बढ़ाकर 2.1% कर दिया है।

इन आंकड़ों से संकेत मिलता है कि थोड़े समय के लिए कीमतों में थोड़ी तेजी आ सकती है, लेकिन कुल मिलाकर महंगाई RBI के 2%-6% दायरे के भीतर ही रहेगी।

बढ़ाने के उपायों पर एक डिस्कशन पेपर भी जारी करने वाले हैं।

इन उपायों में क्रेडिट लिमिट की लेयरिंग और बुजुर्गों जैसे खास तरह के यूजर्स के लिए एक्स्ट्रा ऑथेंटिकेशन (सुरक्षा की अतिरिक्त जांच) शामिल हो सकते हैं।

# टाटा मोटर्स को 3,486 करोड़ का हुआ घाटा

### अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में रेवेन्यू 26% गिरा

मुंबई, एजेंसी

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स को FY26 की तीसरी तिमाही में 3,486 करोड़ का कॉन्सोलिडेटेड घाटा हुआ है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी को 5,406 करोड़ का मुनाफा हुआ था।

साइबर अटैक और चीन के बाजार में सुस्ती की वजह से जगुआर लैंड रोवर (JLR) के बिजनेस पर बुरा असर पड़ा, जिससे कंपनी के कुल रेवेन्यू और मुनाफे में ये गिरावट दर्ज की गई है।

टाटा मोटर्स का ऑपरेशंस से मिलने वाला रेवेन्यू सालाना आधार पर 26% गिरकर 70,108 करोड़ रह गया है। पिछले साल की समान तिमाही में यह 94,738 करोड़ के करीब था। कंपनी ने बताया कि साइबर हमले की वजह से JLR का रेवेन्यू 39% गिरकर करीब 55,000



करोड़ रह गया। JLR को इस तिमाही में टैक्स से पहले करीब 3,800 करोड़ का घाटा हुआ है।

JLR के खराब प्रदर्शन के उलट, टाटा मोटर्स के भारतीय कारोबार ने मजबूत पकड़ बनाए रखी है। GST दरों में कटौती और नई गाड़ियों की अच्छी डिमांड के चलते घरेलू पैसेंजर और इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) की बिक्री 22% बढ़कर 1.71 लाख यूनिट रही।

टाटा मोटर्स के CFO धीमन गुप्ता ने कहा, यह तिमाही चुनौतियों भरी रही जैसा कि साइबर अटैक के कारण अंदेशा था।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं है।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96